www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

समय बहाकर ले जाता है नाम और निशां। कोई 'हम' में रह जाता है तो कोई 'अहम' में।

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | मनोरंजन/खेल/व्यापार 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, मंगलवार 18 जनवरी 2022, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत-2077 वर्ष-07 अंक-273 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

सर्फ एक्सल के विज्ञापन दाग अच्छे है को राजनीतिक दलों ने गंभीरता से ले लिया है। दागी उन्हे अच्छे लगते है। जिन्हे टिकट देने के मामले में वे दरियादिली दिखाते है। उत्तर प्रदेश और पंजाब सहित पांच राज्यों के लिए होने जा रहे विधानसभा चुनाव में भी अधिकांश पार्टियों ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले दागी उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। अब एक दूसरे पर दंगाईयों, माफियाओं और बाहूबलियों को टिकट देने का आरोप लगाकर खुद को दूध का धुला हुआ साबित करने की कोशिश कर रहे है। जबकि हकीकत यह है कि हमाम में सबके सब नंगे है।

एफआईआर पर सियासत : सीएम भूपेश ने आयोग पर साधा निशाना, एनएसयूआई ने फूंका पीएम और योगी का पुतला

रायपुर/नवप्रदेश। उत्तरप्रदेश में सीएम बघेल पर एफआईआर को लेकर प्रदेश में जमकर बवाल मचा हुआ है। एफ आईआर के विरोध में सोमवार को मुख्यमंत्री भूपेश ने निर्वाचन आयोग पर निष्पक्ष नहीं होने की बात कही तो वहीं एनएसयूआई ने राजधानी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पीएम मोदी के खिलाफ विरोध जताया और पुतले फूंके।

निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में रैली-जुलूस और जनसभा आदि को प्रतिबंधित किया हुआ है। गाइडलाइन के मुताबिक एक दल में केवल पांच लोगों की टोली घर-घर जाकर चुनाव प्रचार कर सकती है। बताया जा रहा है कि सीएम भूपेश लाव लश्कर के साथ डोर-टू-डोर प्रचार कर रहे थे, जिसे कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन मानते हुए प्रशासन ने भूपेश बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है।

निष्पक्षता पर दागे सवाल

भूपेश बघेल ने कहा कि प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने का कोई सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने कहा कि उनके साथ डोर टू डोर प्रचार में सुरक्षाकर्मियों के अलावा प्रत्याशी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहते हैं। साथ ही कुछ पत्रकार भी थे। इस तरह से करीब 15-20 लोग रहते ही हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार किस प्रकार से होगा अब भारत निर्वाचन आयोग फिजिकली आकर बता दें कि किस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राजधानी में एनएसयूआई ने खोला मोर्चा

इधर उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कोरोना गाइडलाइन का उल्लंघन को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफयूपी में रविवार को एफआईआर दर्ज की गई है। जिसे लेकर प्रदेश एनएसयूआई ने भाजपा के खिलफ मोर्चा खोल दिया है। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा की माने तो सीएम बघेल के खिलाफ दर्ज एफ आईआर राजनितिक षड्यंत्र है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश ने किसी प्रकार का उललंघन नहीं किया है। केवल हार के डर से भाजपा ने शिकायत दर्ज करवाया है। एनएसयूआई इसका पूरजोर विरोध करता है। अमित शर्मा ने सीएम योगी आदित्यनाथ पर हजारों की भीड़ में सभा लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें दरकिनार क्यों किया जा रहा है।

पुलिस ने शुरू की जांच पड़ताल

वहीं, इस मामले को संज्ञान लेते हुए दादरी के एसडीएम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ ही कुछ अन्य अज्ञात लोगों पर चुनाव आयोग के द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइन का उल्लंघन करने के आरोप में सेक्टर-113 थाने रिपोर्ट दर्ज कराई है। हालांकि पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं, नोएडा पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इन सब पर धारा 188, 269, 270 और महामारी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

सूर्योदय

उदय : 7.16 प्रात:

अस्त : 5:48 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,920,881,200

भारत : 1,401,335,690

बाजार

सेंसेक्स : 61,308,91

निफ्टी : 18,308,10

गोल्ड : 51,430 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 62,000 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.91 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	25.8	15.2
बिलासपुर	23.6	13.0
जगदलपुर	26.2	16.7
अंबिकापुर	19.0	16.7

आज का दिवस

महानिष्क्रमण दिवस

नेताजी की याद में हर साल गोमो में 18 जनवरी को महानिष्क्रमण दिवस मनाया जाता है। इस साल भी नेताजी को याद करने और श्रद्धांजलि देने के लिए गोमो रेल प्रशासन और स्थानीय लोगों ने तैयारी की है। पहाड़ों से घिरा झारखंड का गोमो रेलवे स्टेशन महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की ऐतिहासिक यात्रा से जुड़ा हुआ है। रहस्मय तरीके से गुम होने से पहले नेताजी धनबाद के गोमो में 17-18 जनवरी की रात 1941 में देखे गए थे। वे ट्रेन पर सवार होकर पेशावर (अब पाकिस्तान) के लिए रवाना हुए। इसके बाद क्या हुआ? कोई नहीं जानता।

पंजाब विधानसभा चुनाव टला अब 20 फरवरी को होगा मतदान

नई दिल्ली (ए.)। चुनाव आयोग ने पंजाब विधानसभा चुनाव स्थगित करने का फैसला किया है। पहले ये मतदान 14 फरवरी को होना था लेकिन अब 20 फरवरी को होगा। इससे पहले लगभग सभी पार्टियों ने चुनाव आयोग से पंजाब की सभी 117 विधानसभा सीटों पर एक चरण में 14 फरवरी को होने वाले मतदान को कुछ दिनों के लिए स्थगित करने को कहा था। पार्टियों कहना था कि राज्य के दलित समुदाय के बहुत से लोग संत रविदास की जयंती पर वाराणसी जाएंगे। रविदास जयंती 16 फरवरी को है। कांग्रेस के अलावा भाजपा ने भी चुनाव आयोग से मतदान टालने का आग्रह किया था जिस पर आयोग ने सोमवार को फैसला लिया। अब पंजाब विधानसभा के चुनाव 20 फरवरी को एक ही चरण में होंगे।

राजनीतिक पार्टियों की सुनी बात

आयोग ने कहा, आयोग को राज्य सरकार, राजनीतिक दलों और अन्य संगठनों से कई आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें श्री गुरु रविदास जी जयंती समारोह में भाग लेने के लिए पंजाब से वाराणसी में बड़ी संख्या में भक्तों की आवाजाही के संबंध में ध्यान आकर्षित किया गया है, जो 16 फरवरी 2022 को मनाया जाता है। पार्टियों ने ये भी बताया है कि उत्सव के दिन से लगभग एक सप्ताह पहले बड़ी संख्या में भक्त वाराणसी के लिए जाना शुरू कर देते हैं और मतदान का दिन 14 फरवरी 2022 को रखने से बड़ी संख्या में मतदाता मतदान से वंचित रह जाएंगे। इसे देखते हुए उन्होंने 16 फरवरी 2022 के कुछ दिनों बाद मतदान की तारीख को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पति-पत्नी दोनों सरकारी कर्मचारी तो एक को मिलेगी चुनाव ड्यूटी से राहत, आदेश जारी

लखनऊ। यूपी निर्वाचन आयोग ने सरकारी नौकरी करने वाले पति-पत्नी को बड़ी राहत दी है। विधानसभा चुनाव में दोनों में से एक को चुनाव ड्यूटी से राहत मिलेगी। जिला निर्वाचन अधिकारियों को इस बारे में आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि अगर पति-पत्नी दोनों सरकारी कर्मचारी हैं और दोनों की चुनाव में ड्यूटी लगती है तो किसी एक को राहत मिलेगी। उसे चुनाव ड्यूटी नहीं करनी होगी। उनकी तरफसे आए आवेदन पत्र के बाद चुनाव ड्यूटी कैंसिल कर दी जाएगी। माना जा रहा है कि यूपी निर्वाचन आयोग ने यह छूट दंपतिके छोटे बच्चों का ख्याल करते हुए दिया है।

सिद्धू ने हाईकमान को भ्रमित किया, प्रदेशाध्यक्ष नवजोत पर जमकर बरसे सीएम चन्नी के भाई डॉ. मनोहर

चंडीगढ़ (ए.)। पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले की बस्सी पठाना सीट से चुनाव लड़ने का ऐलान करने वाले मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के भाई डॉ. मनोहर सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू पर निशाना साधा है। आजाद उम्मीदवार के तौर पर लड़ने का ऐलान करते हुए डॉ. मनोहर ने कहा कि मैंने मेरिट के आधार पर टिकट की मांग की थी। पंजाब के सीएम चरणजीत सिंह चन्नी के भाई के तौर पर मैंने कोई मांग नहीं की थी। लेकिन हाईकमान की ओर से नजरअंदाज कर दिया गया। डॉ. मनोहर सिंह चन्नी ने कहा कि मैं इसलिए यहां से निर्दलीय ही उतरने का फैसला लिया है क्योंकि लोग ऐसा चाहते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू पर सीधा हमला बोलते हुए डॉ. मनोहर चन्नी ने कहा कि हाईकमान को मेरे बारे में भ्रमित किया गया। इसीलिए ऐसी स्थिति पैदा हो गई। नवजोत सिंह सिद्धू उन नेताओं में से एक हैं, जिन्होंने बिना हाईकमान की परमिशन के ही बस्सी पठानिया में मौजूदा विधायक को ही टिकट दिए जाने का ऐलान कर दिया। मुझे टिकट न मिलने से लोग निराश हैं। इसके अलावा लोगों के गुस्से की एक वजह यह भी है कि जिसे टिकट मिला है, उसने इलाके में कोई काम नहीं किया है। डॉ. मनोहर ने कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक की जांच कर रहीं जस्टिस इंदु मल्होत्रा को मिली धमकी

नई दिल्ली (ए.)। पंजाब में पीएम नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में हुई चूक के मामले की जांच कर रहे पैनल की अध्यक्षता कर रहीं पूर्व जस्टिस इंदु मल्होत्रा को धमकी मिलने की खबर है। मिरर नाउ की रिपोर्ट के मुताबिक जस्टिस इंदु मल्होत्रा को धमकी भरी कॉल आई थी। कॉल करने वाले शख्स या वह किस समूह से जुड़ा हुआ है, उसकी पहचान नहीं हो पाई है। लेकिन यह घटना एक बड़ी साजिश की ओर इशारा करती है। जस्टिस इंदु मल्होत्रा को सुप्रीम कोर्ट ने पिछले सप्ताह ही पीएम की सुरक्षा चूक की जांच करने वाले पैनल का अध्यक्ष नियुक्त किया था। इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक का मामला सुप्रीम कोर्ट में दायर करने वाले वकीलों को भी धमकी मिली थी। इन धमकियों के पीछे विदेश में सक्रिय खालिस्तानी संगठन सिख्स फ ॉर जस्टिस का हाथ बताया गया था।

पीएम मोदी या सिखों में से किसी एक को चुनो : मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जस्टिस मल्होत्रा को यह धमकी सिख्स फॉर जस्टिस नाम के संगठन की ओर से दी गई है। इस संगठन ने धमकी भरे ऑडियो क्लिप जारी किए हैं। धमकी में कहा गया है कि उन्हें प्रधानमंत्री ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पहले वकीलों को दी थी धमकी

इससे पहले वकीलों को दी गई धमकी में कहा गया था कि वह पीएम नरेंद्र मोदी की सुरक्षा से जुड़े केस में हिस्सा न लें। धमकी में कहा गया था कि अब तक 1984 के सिख दंगों के एक भी गुनहगार को सजा नहीं मिली है। ऐसे में इस केस की भी सुनवाई नहीं होनी चाहिए। बता दें कि जस्टिस इंदु मल्होत्रा की अध्यक्षता में गठित की गई जांच कमिटी में एनआईए के महानिदेशक अथवा उनके प्रतिनिधि, चंडीगढ़ के पुलिस चीफ पंजाब के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को शामिल किया गया है। इसके अलावा पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल भी इस जांच पैनल के सदस्य हैं।

सुल्ली डील्स मामला : ऐप के निर्माता को झटका, कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने विवादास्पद 'सुल्ली डील्स' ऐप के कथित निर्माता ओंकारेश्वर ठाकुर की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि इस समय उसे राहत देने से निष्पक्ष जांच प्रभावित होगी। जुलाई, 2021 में मुस्लिम महिलाओं की नीलामी के लिए गिटहब प्लेटफॉर्म पर ऐप बनाया गया था और मामला तब सामने आया जब दिल्ली पुलिस ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया।

मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट वसुंधरा छाउंकर ने बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद शनिवार को यह आदेश पारित किया। सुनवाई के

दौरान पुलिस ने दावा किया कि यह पता चला है कि आरोपी ट्रेड महासभा का सदस्य है और उसने गिटहब पर ऐप बनाया। उसने और अन्य लोगों ने ऑनलाइन नीलामी के लिए मुस्लिम महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट कीं।

अदालत ने कहा, प्रथम दृष्ट्या, इस स्तर पर अभियुक्त के वकील की दलीलों में कोई दम नहीं है क्योंकि निश्चित रूप से नीलामी के लिए मुस्लिम महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट करके उन्हें निशाना बनाया गया है। अदालत ने कहा कि वह इस स्तर पर अदालत मामले के उन अजीबोगरीब तथ्यों को नजरअंदाज नहीं कर सकती, जो आरोपी के कथित कृत्यों की गंभीरता को दर्शाते हैं।

अदालत ने कहा, इसके अलावा प्रौद्योगिकी के दुरुपयोग और कथित कृत्यों के चलते समाज के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कथक सम्राट पं. बिरजू महाराज का निधन

दिल्ली (ए.)। भारत और दुनिया में कथक नृत्य के सबसे बड़े नर्तक बिरजू महाराज का निधन हो गया है. उनके निधन पर भारत के कला जगत में शोक है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे ऐसी क्षति बताया है जिसकी भरपाई नहीं हो सकेगी. बिरजू महाराज का निधन दिल का दौरा पड़ने से हुआ. वह 83 साल के थे. बिरजू महाराज कथक नृत्य परंपरा से जुड़े प्रख्यात लखनऊ घराना से ताल्लुक रखते थे. उनके

दादा, पिता, चाचा सभी मशहूर कथक नर्तक रहे थे. लखनऊ घराना के कथक नर्तक नवाब वाजिद अली शाह के दरबार से शुरू हुई कथक परंपरा की विरासत से जुड़े थे. बिरजू महाराज लखनऊ के प्रख्यात कालका-बिंदादीन घराने में पैदा हुए थे. उनका पूरा नाम था, बृजमोहन नाथ मिश्रा. प्यार से पुकारने का नाम था बिरजू. आगे चलकर वह इसी नाम से जाने गए. उनके दादा कालिका प्रसाद मशहूर कथक नर्तक थे.

बड़ी साजिश : पाकिस्तान से भेजे गए 24 बम, यूपी गाजीपुर में मिला विस्फोटक, देश भर में अलर्ट जारी

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली पुलिस की जांच में पता चला है कि शुक्रवार को गाजीपुर फूल बाजार से बरामद किए गए आईईडी 24 बमों की खेप का हिस्सा था, जिसे सीमा पार से या तो जमीन के जरिए या समुद्री मार्ग से पाकिस्तानी डीप स्टेट द्वारा स्थानीय आतंकवादियों को भेजा गया था। हाल ही में जम्मू-कश्मीर और पंजाब से बरामद की गईं डिवाइसेज को भी उसी खेप का हिस्सा माना जा रहा है। यह भी माना जा रहा है कि कुछ उपकरणों की तस्करी गुजरात और उत्तर प्रदेश में की गई हो सकती है।

दिल्ली पुलिस के टॉप जांचकर्ताओं के मुताबिक, गाजीपुर डिवाइस एक टिफिन बम था जिसमें तीन किलोग्राम आरडीएक्स कोर चार्ज के रूप में और अमोनियम नाइट्रेट सेकेंडरी चार्ज के तौर पर था। डिवाइस को स्टील के टिफिन में कीलों और बॉल बेयरिंग के साथ पैक किया गया था और इसे दूर से ही उड़ाया जा सकता था।

भारत में मौजूद स्लीपर मॉड्यूल के लिए सीमा पार से तस्करी

एचटी को पता चला है कि इन आईईडी को भारत में मौजूदा स्लीपर मॉड्यूल के साथ-साथ कुछ आपराधिक गिरोहों के लिए सीमा पार से तस्करी कर लाया गया था। सितंबर 2021 में दिल्ली पुलिस ने मुंबई, लखनऊ, इलाहाबाद और दिल्ली में गिरफ्तारियों के साथ आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, जिसे इस आईईडी रिकवरी से जोड़ा गया है। जांचकर्ताओं का मानना है कि आईईडी की खेप पिछले स्वतंत्रता दिवस के आसपास भारत आई थी। जबकि दिल्ली पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां खेप से अन्य आईईडी बरामद करने की कोशिश कर रही हैं। एचटी को पता चला है कि इनमें से कई आईईडी को समुद्री मार्ग से गुजरात और जमीनी रास्ते से यूपी भेजा गया है।

गरमा-गरम

जवाब.... केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया देश के किसी भी नागरिक को

कोरोना वैक्सीन जबरदस्ती लगाने का निर्देश नहीं दिया

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि कोरोना वैक्सीनेशन गाइडलाइन में किसी व्यक्ति की सहमति के बिना उसे जबरन टीका लगाने की बात नहीं की गई है। कोर्ट में दाखिल हलफनामे में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारत का टीकाकरण कार्यक्रम दुनिया में सबसे बड़ा है। 11 जनवरी 2022 तक टीके की कुल 1,52,95,43,602 खुराक दी जा चुकी थीं। देश में 90.84त्न योग्य आबादी को टीके की पहली खुराक और 61% आबादी को

दूसरी खुराक लग चुकी है।

हलफनामे में कहा गया है कि दिव्यांग व्यक्तियों को कुल 23,768 खुराक दी गई हैं, जिन्होंने टीकाकरण के समय पंजीकरण के लिए अपने विशिष्ट दिव्यांगता पहचान-पत्र/ दिव्यांगता प्रमाण पत्र का उपयोग करके स्वेच्छा से इस तरह की पहचान के लिए चुना है। दिव्यांगजनों को टीकाकरण प्रमाणपत्र दिखाने से छूट देने के मामले पर केंद्र ने न्यायालय से कहा कि उसने ऐसी कोई एसओपी जारी नहीं की है, जो किसी मकसद के लिए टीकाकरण प्रमाणपत्र साथ रखने को अनिवार्य बनाती हो।

'जबरन टीकाकरण की बात नहीं कही गई'

केंद्र ने गैर सरकारी संगठन एवारा फाउंडेशन की याचिका के जवाब में दाखिल अपने हलफनामे में यह बात कही। याचिका में घर-घर जाकर प्राथमिकता के आधार पर दिव्यांगजनों का टीकाकरण किए जाने की अपील की गई है। हलफनामे में कहा गया है, भारत सरकार और स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी दिशानिर्देश ■ शेष पृष्ठ 6 पर

12 से 15 साल तक के बच्चों को मार्च से लगेगी वैक्सीन

नई दिल्ली। देश में मार्च महीने से 12 से 15 साल तक के बच्चों का कोविड-19 टीकाकरण शुरू कर दिया जाएगा. टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह (NTAGI) के प्रमुख एनके अरोड़ा ने यह जानकारी दी. जबकि 15 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों के लिए वैक्सीनेशन प्रोग्राम इस महीने की 3 तारीख को शुरू हुआ था. एनटीएजीआई ने जनवरी के अंत तक 15 से 18 साल के सभी 7.4 करोड़ किशोरों को वैक्सीन की पहली डोज देने का लक्ष्य रखा है ताकि फरवरी में उन्हें दूसरी डोज दी जा सके. इसके बाद मार्च की शुरुआत से 12 से 15 साल के बच्चों का टीकाकरण शुरू किया जाएगा।

यूएई एयरपोर्ट के पास तीन तेल टैंकरों में धमाका

नई दिल्ली। संयुक्त अरब अमीरात में अबुधाबी के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर हमले की खबर है. सोमवार को यहां दो धमाके किए गए. UAE के अधिकारियों का कहना है कि यह हमले ड्रोन की मदद से किए गए हैं. जांच शुरू होने से पहले ही, यमन के ईरान-गठबंधन हूती मूवमेंट ने हमले की जिम्मेदारी ले ली. इस संगठन ने बयान जारी कर यूएई पर हमले शुरू करने की बात कही है. अबू धाबी पुलिस का कहना है कि तीन फ्यूल टैंकर ट्रकों में धमाके हुए हैं. अबू धाबी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आग लग गई है।

रेलवे अधिकारियों पर भड़के विधायक पांडेय, जमकर लगाई क्लास

■ शहर विकास में अड़ंगा नहीं सहायक बने रेलवे, अंडरब्रिज नहीं बनाने पर भी हुए नाराज

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सोमवार दोपहर जोनल रेलवे उपभोक्ता समिति के नए पदाधिकारियों की पहली बैठक हुई। इसमें शहर विधायक ने शहर के विकास के लिए भेजे गए 16 प्रस्ताव पर चर्चा कर सहमति दी गई। इस वर्चुअल बैठक में विधायक शैलेष पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार ने बिलासपुर को क्र ग्रेड स्तर पर खड़ा किया है। अब रेलवे शहर विकास में सहायक बने, इसमें किसी तरह की अड़ंगेबाजी न करे। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य शासन ने दो फ्लाईओवर बना दिया। लेकिन, हैरानी की बात है कि रेलवे अब तक अंडरब्रिज नहीं बना पाई है।

जोनल रेलवे उपभोक्ता समिति के नए पदाधिकारियों की पहली बैठक कोरोना के चलते वर्चुअल हुई। इस बैठक में चर्चा के लिए रेलवे प्रशासन ने समस्त सदस्यों से उनके सुझाव और प्रस्ताव मंगाए थे। विधायक शैलेष पांडेय ने अपने प्रस्ताव में तिफरा में अंडरब्रिज का निर्माण करने, ट्रेनों के स्टॉपेज यथावत रखने एवं करगीरोड रेलवे स्टेशन को पर्यटन स्टेशन के रूप में विकसित करने सहित 16 बिंदुओं पर चर्चा की और विकास की दिशा में काम करने कहा। उन्होंने बैठक में कुलियों को सुविधा प्रदान करने, ऑटो चालकों को सुविधाएं दी जाए, यात्री सुविधाओं में वृद्धि की जाए, पार्किंग को व्यवस्थित कराने के साथ-साथ ट्रेनों का यथावत स्टॉपेज दिया जाए। इसके अलावा दैनिक यात्रियों के लिए मासिक सीजन टिकट मुहैया कराने की मांगे रखी।

सांसद साव व पांडेय भी हुए शामिल

विधायक ने रेलवे कुली, ऑटो चालकों, यात्री सुविधा, व्यवस्थित वाहन पार्किंग, ट्रेनों का उचित ठहराव, सिटी बस सेवा, रैन बसेरा निर्माण, मासिक सीजन टिकट के संबंध में भी आवश्यक चर्चा की। उनके साथ ही सांसद अरुण साव व संतोष पांडेय भी शामिल हुए। उन्होंने भी प्रदेश में रेलवे के लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने की मांग रखी और यात्री सुविधा मुहैया कराने के साथ ही विकास कार्य की दिशा में बेहतर काम करने कहा।

विस्तारीकरण का काम जारी

उसलापुर रेलवे स्टेशन का विस्तारीकरण करने के संबंध में रेलवे की ओर से बताया गया कि उसलापुर रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में रैंप सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही तीन लिफ्ट प्लेटफार्म में लगाया जा रहा है एवं दूसरा फुट ओवरब्रिज का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है।

बैठक में रेलवे महाप्रबंधक आलोक कुमार, अतिरिक्त महाप्रबंधक विजय प्रताप सिंह, पीके सरदार प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, एल दिलेश्वर राव प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक सहित अफ सर मौजूद रहे।

तिफरा में अंडर ब्रिज निर्माण

विधायक शैलेष पांडेय के साथ ही सांसद अरूण साव ने भी रेलवे प्रशासन ने कई मांगों के प्रस्ताव पर चर्चा की। इसमें बिलासपुर - रायपुर यातायात का दबाव कम करने के लिए तिफरा में अंडर ब्रिज निर्माण की आवश्यकता बताई।

बुधवारी बाजार क्षेत्र आधुनिक करें

बुधवारी बाजार क्षेत्र के व्यापारियों की मांग को रखते हुए हुए विधायक शैलेष पांडेय ने कहा कि बुधवारी बाजार रेलवे क्षेत्र का अहम हिस्सा है। यहां के व्यापारी 50 - 60 वर्षों से व्यापार करते आ रहे हैं। लेकिन रेलवे के द्वारा यहां मूलभूत सुविधाओं को बेहतर तरीके से उपलब्ध कराना चाहिए। वर्तमान स्थिति में दुकानें जर्जर स्थिति में है रेलवे प्रशासन संज्ञान लेकर व्यापारियों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करें।

■ न्यूज गैलरी

सड़क धंसी : निर्माण के दौरान 5 फीट गहरी और 20 फीट लंबी सुरंग बनी

बिलासपुर/नवप्रदेश। जगमल चौक से तोरवा चौक के बीच बन रही फोरलेन सड़क के दौरान सड़क धंस गई। सड़क में 5 फीट गहरा और 20 फीट लंबी सुरंग बन चुकी है। डिवाइडर को भी खतरा पैदा हो गया है। जगमल चौक से तोरवा चौक तक साढ़े छह करोड़ रुपए की राशि से फोरलेन सड़क का निर्माण हो रहा है। शनिवार को भी सड़क निर्माण का काम चल रहा था कि इसी बीच जगमल चौक से पुलिया के आगे रात दस बजे सड़क धंस गई। सीवेज प्रोजेक्ट में मिट्टी कांपेक्शन सही तरह से नहीं होने की वजह से सड़क में हुए सुराख को लेकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी निगम को पत्र लिखने की तैयारी में हैं। पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर सतीश पांडे के अनुसार वे इस संबंध में निगम अधिकारियों को पत्र लिखेंगे, ताकि कांपेक्शन सही तरह से हो सके।

सदस्यता अभियान को गंभीरता से लें : यादव

बिलासपुर/नवप्रदेश। पेंड्रा जिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की बैठक जिला संगठन प्रभारी विष्णु यादव ने ली। उन्होंने जिला कार्यालय में पदाधिकारियों को दो टूक कहा कांग्रेस की सदस्यता अभियान को गंभीरता से लें। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने अपने उद्बोधन में सदस्यता अभियान में तेजी लाने की बात कही। वहीं उन्होंने कहा संगठन ही सर्वोपरि है। मरवाही विधायक डा. केके ध्रुव ने हर बूथ में जाकर सदस्यता अभियान में तेजी लाने की बात कही। उन्होंने ज्यादा सदस्य बनाने की बात कही। प्रभारी विष्णु यादव ने सख्ती से कहा कि सदस्यता अभियान में एवं बूथ कमेटी के गठन में जरा सी भी कोताही नहीं बरती जाए। काम नहीं करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कोटा विधानसभा के धनगवा बूथ में जाकर सदस्यता अभियान की शुरुआत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनीष केसरी अशोक शर्मा, एल्डरमैन ओमप्रकाश बंका, एल्डरमैन मदन सोनी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास, गौरेला ब्लाक के अध्यक्ष अमोल पाठक, राकेश मसीह, गुलाब सिंह राज, श्रीकांत मिश्रा, पुष्पराज सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डांडबछाली के आश्रित ग्राम पहाड़ बछाली में लोगों को मिलने लगी राशन

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोटा जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम डांडबछाली के आश्रित ग्राम पहाड़ बछाली में लोगों को राशन दुकान संचालित होने पर राशन मिलने लगा है। शुभारंभ अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने पूजा अर्चना कर फीता काटा। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि इसके पहले राशन के लिए चार किलोमीटर दूर तय करते थे। उन्हें डबल लाइन रेलवे क्रासिंग पार करके जाना पड़ता था। इसके कारण बुजुर्गों एवं बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। रेलवे क्रासिंग के समय कोई भी हादसा होने की संभावना बनी रहती थी, ग्रामीणों ने इस समस्या को उपसरपंच राजेश्वर पांडेय के समक्ष रखा। इस पर उन्होंने राशन दुकान की समस्या को संज्ञान में लेते हुए जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया। लगभग दो साल की अथक प्रयास से राशन दुकान की सुविधा गांव वालों को मिली। उप सरपंच पांडेय ने बताया कि उनसे गांव की समस्याओं को दूर करने का हरसंभव प्रयास रहता है। स्कूल भवन, सीसी रोड नया राशन दुकान के लिए उन्होंने सार्थक प्रयास किए हैं।

लोरमी थाना क्षेत्र के ग्राम में बच्चों का किया गया रेस्क्यू, 25 तक अभियान

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुंगेली कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में जिले में सड़क पर रहकर बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति में लिप्त रहने वाले बच्चों के संरक्षण के लिए संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अभिलाष बेहार ने बताया कि संरक्षण अभियान उच्चतम न्यायालय में प्रचलित जनहित याचिका के परिप्रेक्ष्य में जिला बाल संरक्षण इकाई मबावि, पुलिस विभाग, श्रम विभाग एवं चाइल्ड लाइन के संयुक्त टीम द्वारा चलाया जा रहा है। सड़क पर रहने वाले ऐसे बच्चे जो अपनी उत्तजीविता, भोजन, पानी, वस्त्र, आश्रय एवं संरक्षण के लिए प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के संघर्षों एवं चुनौतियों का सामना करते हैं। इन बच्चों के चिन्हांकन, संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए एसओपी अनुसार चरणबद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में लोरमी थाना क्षेत्र के ग्राम में भिक्षावृत्ति करते हुए दो बालक पाए गए। रेस्क्यू किए गए बालकों को बालक कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उनके माता-पिता के सुपुर्द किया गया और ग्राम सरपंच को बच्चों के संरक्षण की जिम्मेदारी दी गई साथ ही उनके परिवार को शासन की विभिन्न् शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने एवं प्रशिक्षण एवं रोजगार की व्यवस्था के लिए भी कहा गया।

आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के साथ उद्योगपति ने मनाया जन्म दिन

रतनपुर/नवप्रदेश। ओछिनपारा के गरीब बच्चों के बीच प्रसिद्ध उद्योगपति सुभाष अग्रवाल एवं सत्यनारायण अग्रवाल ने मनाया अपना बच्चे का जन्मदिन। नगर के प्रसिद्ध उद्योगपति सुभाष अग्रवाल एवं सत्यनारायण अग्रवाल ने अपने बच्चे का जन्म दिन इस बार बड़े ही अनूठे तरीके से मनाया इसके लिए उन्होंने हरिजन बाहुल्य ग्राम ओछिनापारा को चुना और वहां पर पहुँचकर उन्होंने वर्तमान में पड़ रही कड़ाके की ठंड एवं सर्दी से स्कूली बच्चों को बचाने दान स्वरूप स्वेटर बिस्किट तील का लड्डू मास्क एवं चॉकलेट्स का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान वैश्विक महामारी कोविड-19 प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन करते हुए उक्त दानोत्सव कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एल्डरमेन सुभाष अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति ओछिनापारा के अध्यक्ष बेदराम कमलसेन ने की। इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि नगर प्रतिष्ठित ब्यवसायी रुद्र गुप्ता समन्वयक दीपक कहरा हरीश मांडवा एवं पंकज कोशले विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान अपने बच्चे के जन्म दिवस को वैश्विक महामारी जैसे त्रासदी के दौर में उद्योगपति द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत अत्यंत अनूठे अंदाज में मनाते स्कूली बच्चों को ठंड से बचाने के लिए किए गए स्वेटर वितरण के दौरान स्वेटर पाकर जरूरत मंद बच्चों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी ऐसे में उनके अभिभावकों परिजनों एवं स्कूल प्रबंधन ने उद्योग पति सुभाष अग्रवाल एवं सत्यनारायण अग्रवाल का आभार जताया।

कोरोना से थोड़ी राहत : 16 दिन बाद केस 300 से नीचे

■ 271 नए पॉजिटिव मिले; पर रेलवे कॉलोनी और NTPC नए हब बने

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में रविवार को कोरोना संक्रमण से थोड़ी राहत मिली है। जनवरी में पहली बार आंकड़ा 300 से नीचे आया है। रविवार को एक दिन में 271 कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस 2443 हो गया है। रेलवे कॉलोनी में रविवार को रेलवे ऑफिसर के साथ ही 17 कोरोना मरीज मिले है। इसी तरह हृअक्क्ष भी कोरोना का हब बनते जा रहा है। यहां फिर एक ही दिन में 7 से ज्यादा मरीज मिले हैं। नए मरीजों के मिलने के बाद जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या 70 हजार 100 के पार हो गई है।

जनवरी में अब तक 4649 लोग कोरोना संक्रमण का शिकार हो चुके हैं। राहत है कि रविवार को कोरोना से किसी की मौत नही हुई। इसके साथ ही पिछले दिनों के मुकाबले कोरोना के मरीजों की संख्या में भी गिरावट आई है। एक दिन में 2 मरीज अस्पताल से डिस्चार्ज हुए है और 297 मरीज होमआइसोलेशन से बाहर आ गए हैं। फिर भी शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में संक्रमण कम नहीं हो रहा है।

रेलवे कॉलोनी में ऑफिसर समेत 17 संक्रमित मिले

रेलवे परिक्षेत्र में कोरोना कहर रविवार को देखने को मिला। यहां रेलवे ऑफिसर्स कॉलोनी के साथ ही रेलवे कॉलोनी में एक साथ 17 पॉजिटिव मिलने से हड़कंप मच गया है। हालांकि, रेलवे कॉलोनी में रेलकर्मी व परिवार के सदस्यों के साथ ही बच्चे लगातार संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। लेकिन, एक साथ पहली बार इतनी बड़ी संख्या में संक्रमण देखा गया। अब इनके संपर्क में आने वालों की जांच कराई जाएगी।

NTPC कालोंनी में फैला संक्रमण

सीपत क्षेत्र के हृअक्क्ष कॉलोनी में कोरोना का संक्रमण लगातार फैल रहा है। शनिवार को यहां एक साथ 10 से अधिक मरीजों की पहचान की गई थी। वहीं, रविवार को भी CISF जवान के साथ ही 7 नए मरीज कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। यहां अब तक संक्रमितों की संख्या 50 के पार हो गई है। नए मरीजों के संपर्क में आने वालों की अब जांच कराई जाएगी।

CIMS हॉस्टल में फिर मिले पॉजिटिव, डॉक्टर भी हुईं संक्रमित

छ्ढ्रुरू के गर्ल्स और ब्वायज हॉस्टल में लगातार कोरोना संक्रमित मिल रहे हैं। लगातार तीन दिन से यहां नए मरीजों की पहचान की गई। रविवार को गर्ल्स और ब्वायज हॉस्टल में एक-एक कोरोना संक्रमित मिले हैं। छ्ढ्रुरू की डॉक्टर व उनके बेटे का भी रिपोर्ट पॉजिटिव आया है।

5582 लोगों को लगा वैक्सीन

रविवार को 5 हजार 582 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। इसमें 260 लोगों बूस्टर डोज लगा। इसके साथ ही 1068 को पहला और 4254 को दूसरा डोज लगा। 15 से 18 वर्ष के 309 बच्चों को कोरोना की पहली वैक्सीन लगी।

जोंधरा को-आपरेटिव बैंक खुलने से किसानों को मिलेगा लाभ : बैजनाथ

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोविड नियमों का पालनक करते हुए बहुत ही कम लोगों की उपस्थिति में सादगीपूर्ण समारोह में जोंधरा को-आपरेटिव बैंक शाखा का अपेक्स बैंक के चेयरमेन बैजनाथ चंद्राकर ने जिला को-अपारेटिव बैंक अध्यक्ष प्रमोद नायक, छ.ग.पर्यटन मण्डल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक कृष्णमूर्ति बांधी, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चैहान, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री गोपाल थवाईत, अर्जुन तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण राय, पूर्व विधायक दिलीप लहरिया, जिला पंचायत सदस्य राजेश्वर भार्गव, किरण यादव की उपस्थिति में उद्घाटन किया। जोंधरा बैंक की यह शाखा लोहर्सी बैंक से अलग की गई, जिसमें 3000 किसान लाभान्वित होंगे। तीन सहकारी समितियों इसके क्षेत्राधिकार में आयेंगे, सोसायटी में धान बेचने के पश्चात् भुगतान के लिए अब किसानों को दूर नहीं जाना पड़ेगा। मस्तूरी, मल्हार, लोहर्सी के बाद यह चैंथी शाखा है। कार्यक्रम के पश्चात् अपेक्स बैंक चेयरमेन बैजनाथ चंद्राकर ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार छत्तीसगढ़ीया संस्कृति एवं किसानों के काम कर रही है, गांव में आर्थिक विकास हेतु रोजगार उपलब्ध करा रही है, शाखा के खुलने पर जिन प्रतिनिधियों ने प्रयास किया है, उन्हें मैं बधाई देता हूँ। जिला सहाकारी बैक अध्यक्ष प्रमोद नायक ने कहा कि लंबे समय से मस्तूरी के जनप्रतिनिधि, किसान, विधायक एवं कांग्रेस पदाधिकारी इस शाखा की मांग रहे थे, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपेक्स बैंक चेयरमेन चंद्राकर एवं पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव जी के प्रयास से यह शाखा का शुभारम्भ हो पाया, मैं इसके लिए बैंक अधिकारियों को भी धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने शाखा प्रारम्भ कराने में अपनी भूमिका निभाइ। पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव ने किसानों को आश्वस्त किया कि अपेक्स बैंक अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर, सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रमोद नायक होने का फ ायदा मस्तूरी सहित बिलासपुर जिले एवं संभाग को मिल रहा है, भूपेश बघेल सरकार किसानों के लिए काम कर रही है और देश में अपनी पहचान बना रही है। कार्यक्रम को अरूण सिंह चैहान, अर्जुन तिवारी, विधायक कृष्णमूर्ति बांधी, गोपाल थवाईत ने भी संबोधित किया।

डॉ.बांधी ने चंद्राकर और प्रमोद नायक का आभार प्रकट किया कि बहुत लंबे अरसे से लंबित मांग को अपने प्रयास से सफलता दिलाई, बैंक को आधुनिक रूप से डिजीटल करने का भी प्रस्ताव दिया। कार्यक्रम में श्याम कश्यप, विजय नामदेव, अमित पाण्डेय, अनिल कैवर्त्य, कौशल पाण्डेय, किरण तिवारी, बिन्दु जायसी, रघुराज पाण्डेय, पुत्तन दुबे सहित जोंधरा ग्रामपंचायत के सरपंच, पंच, सहकारी समितियों के अध्यक्ष, प्रबंधक एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बीजेपी युवा मोर्चा का अनोखा प्रदर्शन : छेरछेरा पर्व पर सरकार से मांगा बेरोजगारी भत्ता

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में सोमवार को भाजपा युवा मोर्चा ने छेरछेरा पर्व पर प्रदेश के बेरोजगारों के लिए भत्ता मांगा। कार्यकर्ताओं ने अग्रसेन चौक में धरना-प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश की भूपेश बघेल की सरकार छत्तीसगढ़िया सरकार होने का दावा करती है। लेकिन, राज्य के बेरोजगार युवाओं को भत्ता नहीं दे रही है। छेरछेरा के रूप में सरकार बेरोजगारी भत्ता ही दे दे।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और राज्य सरकार को झूठा बताया। पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार पर राज्य के बेरोजगारों से छलावा करने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं को वोट हासिल करने के लिए बेरोजगारी भत्ता देने का लालच दिया गया। लेकिन, सरकार बनने के बाद सरकार बेरोजगार युवाओं को भूल गई है।

चुनावी घोषणा पत्र में 2500 रुपए देने का था वादा

युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि कांग्रेस ने चुनावी घोषणापत्र में वादा किया था कि प्रति माह 2500 रुपए बेरोजगारी भत्ता देगी। इसी तरह राज्य के 10 लाख बेरोजगारों को सरकारी नौकरी देने की बात कही थी। लेकिन, सरकार बनने के तीन साल बाद प्रदेश के बेरोजगार युवा बेरोजगारी भत्ता मिलने की राह देख रहे हैं।

सेनेटाइज नहीं हो रहे शहर के एटीएम, लोगों में बढ़ा संक्रमण का खतरा

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार बढ़ रही है। हर दिन संक्रमित मिल रहे हैं। इस दौरान थोड़ी सी भी लापरवाही भारी पड़ सकती है। बैंकों में अधिकारियों-कर्मचारियों के संक्रमित निकलने के कारण लोग बैंक की बजाय पैसा निकालने एटीएम पहुंच रहे हैं। इधर एटीएम में संक्रमण से बचाव के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। ना ही एटीएम सेनेटाइज किए जा रहे और ना ही यहां सेनेटाइजर की व्यवस्था है। यदि आप एटीएम से पैसे निकालने जा रहे हैं तो सावधान रहें अन्यथा पैसों के साथ आपके घर में कोरोना भी दस्तक दे सकता है। दरअसल एटीएम में कैश निकालने आ रहे लोगों को संक्रमण से बचाने के लिए बैंकों के द्वारा सभी एटीएम में सेनेटाइजर आदि की व्यवस्था करने का प्रावधान है। लेकिन जिले के किसी भी एटीएम में सेनेटाइजर की व्यवस्था नहीं की गई है। यहां तक सावधानी की पर्ची तक एटीएम के सामने चस्पा नहीं की गई है। साथ ही कई एटीएम पर सोशल डिस्टेंस के अनुपालन कराने को लेकर गार्ड की भी तैनाती नहीं की गई। जिसके कारण एटीएम के बाहर लोगों की भीड़ लगी रहती है और सोशल डिस्टेंस का पालन नहीं हो पा रहा है। एक साथ ही लोग एटीएम के केबिन में घुस जा रहे हैं। दयालबंद पीएनबी, पुराना हाईकोर्ट, पुराना बस स्टैंड, इंदू चौक, सरकंडा ई-कॉर्नर, अग्रसेन चौक आईडीबीआई, यूनियन बैंक एटीएम, कैनरा बैंक एटीएम, इलाहाबाद बैंक एटीएम में कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

बच्ची को अगवा कर रेप, 20 साल की कैद

■ 52 साल का अधेड़ पड़ोसी की लड़की को रायपुर ले गया, 12 दिन बाद हुआ था गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में पड़ोसी की 13 साल की बच्ची का अपहरण करने और उसके साथ 12 दिनों तक दुष्कर्म करने वाले अधेड़ को फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 20 साल की सजा सुनाई है। उसने साल 2019 में मोहल्ले की बच्ची का अगवा कर लिया था और रायपुर में दुष्कर्म किया था। जिस बच्ची का अपहरण हुआ था, उसके माता-पिता दोनों की ही आंखों की रोशनी नहीं है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

अधिवक्ता प्रियंका शुक्ला ने बताया कि घटना साल 2019 की है। 13 साल की बच्ची का तीन साल पहले अपहरण हो गया था। मंगला में पंचर की दुकान चलाने वाले 52 वर्षीय अधेड़ धन्नूलाल चतुर्वेदी का बच्ची के घर आना-जाना था। बच्ची के माता-पिता देख नहीं सकते। धन्नूलाल ने एक दिन मौका पाकर बच्ची को अगवा कर लिया। फिर उसे अपनी बेटी बताकर रायपुर ले गया। वहां वो बच्ची को लेकर कभी यहां कभी वहां भटकता रहा। इस घटना की शुरूआत में पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही थी। बाद में दबाव बनाने के बाद पुलिस हरकत में आई। करीब 12 दिन बाद पुलिस ने आरोपी के पास से बच्ची को बरामद किया गया। बच्ची ने अपने बयान में आप बीती बताई, तब पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर धन्नूलाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

फास्ट ट्रैक कोर्ट ने माना दोषी और सुनाई सजा

आरोपी के गिरफ्तार होने के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ चार्जशीट पेश की गई। अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट विवेक कुमार तिवारी के यहां मामले में ट्रायल चला। जिसमें पीड़ित बच्ची की तरफ से अधिवक्ता प्रियंका शुक्ला ने पैरवी की। कोर्ट ने अभियुक्त धन्नू लाल चतुर्वेदी को दोषी मानते हुए 20 साल कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है।

आरोपी के बच्चों की मदद करते रहे दृष्टिहीन दिब्यांग माता-पिता

इस घटना की मार्मिक कहानी यह भी है कि हवा-पंचर की दुकान चलाने वाले आरोपी धन्नूलाल की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। वहीं, पीड़ित बच्ची के माता-पिता दृष्टिबाधित दिब्यांग है। इसके बाद भी दोनों मिलकर आरोपी धन्नू के बच्चों को खाना खिलाते थे और मदद भी करते थे। लेकिन, उन्हें क्या पता था कि जिनकी वो मदद कर रहे हैं वही आदमी उनकी बच्ची के साथ हैवान जैसा व्यवहार करेगा।

ओमिक्रॉन का कम्युनिटी स्प्रेड : 3 नए संक्रमित, इनमें 2 साल का बच्चा भी

किसी की ट्रेवल हिस्ट्री भी नहीं; 68 की रिपोर्ट पेंडिंग

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में ओमिक्रोन के कम्यूनिटी स्प्रेड का खतरा बढ़ गया है। रविवार को मिले तीन ओमिक्रॉन संक्रमित में दो साल का एक बच्चा भी है। उनकी कोई ट्रेवल हिस्ट्री नहीं है। जाहिर है कि शहर में ओमिक्रॉन पॉजिटिव के संपर्क में आने के बाद ही इनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। राहत है कि इनमें से किसी की हालत चिंताजनक नहीं है। फि लहाल स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई और तीनों के संपर्क में आने वालों की जांच कराई जाएगी।

रविवार को विनोवा नगर में रहने वाला 2 साल का अयंश अग्रवाल भी ओमिक्रॉन की चपेट में आया है। वहीं गीतांजलि सिटी फेस-2 में रहने वाले 44 साल के अनिल कुमार शर्मा ने 20 दिसंबर को कोरोना जांच के लिए ऋक्ष-क्क्रऋ सैंपल दिया था। 21 को उनकी रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई। वे होम आइसोलेशन में रहे और पूरी तरह ठीक हो गए। रविवार को उनकी ओमिक्रॉन रिपोर्ट पॉजिटिव आई। वहीं डॉक्टर कालोनी में रहने वाली 37 साल की सनयुक्ता भी ओमिक्रॉन पॉजिटिव आई हैं। तीनों की ट्रेवल हिस्ट्री नहीं है। सनयुक्ता ने 27 दिसंबर को कोरोना जांच कराई थी और 28 को उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। अब तो वह स्वस्थ्य हैं और अपने घर में हैं।

कोरोना की तरह फैल गया ओमिक्रॉन

ओमिक्रॉन पॉजिटिव आए 2 वर्षीय बालक अयांश के पिता ने बताया कि उनका बालक पूरी तरह से स्वस्थ्य है। 27 दिसंबर को वे कोरोना पॉजिटिव हुए थे, तब उनके बेटे की भी तबीयत खराब हुई। इसके चलते उन्होंने कोरोना जांच कराया था। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उनका पूरा परिवार क्वारैंटाइन था। अब दो-तीन दिन हुआ है वे बाहर निकल रहे हैं।

उनका कहना है कि उनका बेटा उनसे ही संक्रमित हुआ है। जाहिर है कि उन्हें भी ओमिक्रॉन का संक्रमण रहा होगा। तब प्रशासन ने इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने इतने दिन बाद ओमिक्रॉन रिपोर्ट आने को लेकर भी सवाल उठाया है। उनका कहना है कि इस तहर से शहर के सैकड़ों लोग ओमिक्रॉन की संक्रमण का शिकार हो चुके हैं और ठीक भी हो गए होंगे। अब रिपोर्ट आने का मतलब क्या है, जब संक्रमण फैल कर ठीक भी हो गया।

बगैर ट्रेवल हिस्ट्री के मरीजों ने बढ़ाई चिंता

CMHO डॉ. प्रमोद महाजन ने बताया कि रविवार को जो तीन ओमिक्रॉन पॉजिटिव मरीज मिले हैं। उनकी कोई ट्रेवल हिस्ट्री ही नहीं है। ऐसे में शहर में ओमिक्रॉन का संक्रमण पहले से ही सक्रिय होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि संक्रमितों के संपर्क में आने वालों की पहचान कर जांच कराई जाएगी।

68 जीनोम सीक्वेंसिंग सैंपल है पेंडिंग

CIMS के वॉयरोलॉजी लैब की HOD डॉ. रेखा बारपात्रे ने बताया कि ओमिक्रॉन के संक्रमण को देखते हुए कोरोना पॉजिटिव आने वाले पांच फीसद लोगों के जीनोम सीक्वेंसिंग सैंपल लेकर जांच के लिए भुवनेश्वर लैब भेजा जा रहा है। यह व्यवस्था पांच जनवरी को पहले ओमिक्रॉन पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद से बनाई गई है। उन्होंने बताया कि अब तक जीनोम सीक्वेंसिंग के करीब 500 सैंपल लेकर भुवनेश्वर लैब भेजा जा चुका है। जिसमें से पहली बार तीन की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बकी के रिपोर्ट निगेटिव मिले हैं। अभी करीब 68 जीनोम सीक्वेंसिंग सैंपल का रिपोर्ट आना बाकी है।

जर्मनी से लौटे 10 यात्री

विदेश से आने वालों का सिलसिला अब भी जारी है। रविवार को 10 यात्री ङ्क अमन और जर्मनी सहित अन्य देशों से शहर लौटे हैं। विदेश से आने वालों में नेहरू नगर, तोरवा, पुराना हाईकोर्ट रोड, वसंत विहार कॉलोनी और विद्या नगर के रहने वाले हैं। उन्हें उनके घरों में क्वारैंटाइन किया गया है। अब तक 316 लोग विदेश से बिलासपुर लौट चुके हैं। 285 लोगों का 14 दिन का क्वारैंटाइन पीरियड पूरा हो गया है। बाकी अपने घर में आइसोलेट हैं।

5 को मिला था पहला संक्रमित

इससे पहले बिलासपुर में प्रदेश का पहला ओमिक्रॉन संक्रमित मरीज पांच जनवरी को मिला था। गोलबजार गोंडपारा निवासी अजय कुमार साहू की रिपोर्ट ओमिक्रान पॉजिटिव आई थी।

प्रतिदिन हजारों की संख्या में कोविड जांच कराने मरीज पहुंच रहे हैं लोग

महापौर व नगर आयुक्त कर रहे हैं नियमित मॉनिटरिंग

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) की टीमें रायपुर नगर निगम क्षेत्र के मोहल्लों में जाकर हर दिन 1000 से अधिक मरीजों की जांच के साथ ही मुफ्त में दवाएं भी दे रही हैं। अभी कोरोना जैसे लक्षण वाले मरीज मिलने पर उन्होंने तत्काल जांच करवाने कहा जा रहा है।

गली-मोहल्लों में घूम रही है एमएमयू वाहन

रायपुर में 15 एमएमयू टीमें कार्य कर रही है। उनकी बसों में बीपी, सुगर जैसे बीमारियों की जांच के उपकरण रहते हैं। एमएमयू गाड़ियां हर दिन अलग-अलग मोहल्लों में जाकर सर्दी बुखार, बीपी, सुगर आदि की जांच कर मुफ्त में दवाएं भी देती हैं। इन टीमों के पास 40 से अधिक प्रकार की दवाएं भी उपलब्ध रहती है।

नियमित रूप से हो रही है निगरानी

किसी गम्भीर बीमारियों वाले मरीज देखकर उन्हें अस्पताल जाने की सलाह भी दी जाती है। महापौर एजाज ढेबर और निगमायुक्त प्रभात मलिक इनके कार्यों की नियमित रूप से निगरानी करते हैं। एमएमयू टीमें सुबह 8 बजे से मोहल्लों में निर्धारित जगह पर पहुंच जाती हैं।

ज्ञात हो कि, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाईल मेडिकल यूनिट से अब तक प्रदेश में लाखों विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोगों का इलाज कराया गया है। पीड़ित लोगों को चिकित्सकों द्वारा आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाईयां दी जाती हैं। मोबाईल मेडिकल यूनिट्स के जरिये जरूरतमंद लोगों को उनके घर के पास मोहल्ले में इलाज की सुविधा दी जा रही है।

पैसे के अभाव में नहीं करा पा रहे इलाज

जो लोग पैसों के अभाव या अस्पताल की दूरी के कारण अपनी बीमारी का इलाज नहीं करा पाते थे और बीमारी के कारण उनका स्वास्थ्य समय-दर-समय खराब होता जाता था और उनके परिवार को गहन परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब लोगों के घरों के पास डॉक्टरों की टीम पहुंचती है उनका त्वरित इलाज करती है और जरूरत पडऩे पर मरीजों को अन्य अस्पतालों में इलाज कराने सलाह दी जाती है और मरीज की हर संभव सहायता की जाती है।

छत्तीसगढ़ में बढ़ी ठिठुरन, कोहरा ने किया विजिबिलिटी कम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में फिर से रात पारा लुढ़कने लगा है। बारिश के थमने के बाद कोहरा और कड़ाके की ठंड ने जनजीवन को प्रभावित किया है। वहीं आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट होने की संभावना बढ़ गई है।

मौसम विभाग की माने तो चल रही ठंडी हवाओं के चलते प्रदेश में ठिठुरन बढ़ी है। वहीं बादल के छटने के बाद कई इलाकों में सर्दी का सितम जारी है। पेंड्रा से लेकर अमरकंटक तक घना कोहरा छाया हुआ है। जिसके चलते विजिबिलिटी बेहद कम दर्ज हुई है। वहीं पेंड्रा में जहां तापमान 8 डिग्री दर्ज किया गया तो इधर अमरकंट में तापमान 5 डिग्री दर्ज किया गया। कोहरा और ठंड के चलते वाहनों की रफ्तार पर असर पड़ा है।

इधर बलरामपुर में भी मौसम का अंदाज भी ऐसा रहा। जिले के सभी इलाकों में घना कोहरा छाया हुआ है। आलम ऐसा है कि लोगों को 50 मीटर तक भी देखना मुश्किल हो गया है। जिसके चलते हृ॥ 343 में वाहनों के आवागमन में लोगों को परेशानी हो रही है।

आने वाले दिनों में बढ़ेगी ठंड

प्रदेश में हवाओं की दिशा में परिवर्तन हो चुका है जिसके कारण प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवा आ रही है। प्रदेश में कल मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट होने तथा अधिकतम तापमान में मामूली वृद्धि संभावित है । प्रातः काल में प्रदेश में हल्की से मध्यम घना कोहरा छाने की संभावना है। सरगुजा, बस्तर संभाग के ज्यादातर हिस्सों में मौसम में बदलाव दिखेगा। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में 2-3 डिग्री तक दर्ज की जाएगी।

न्यूज गैलरी

कांग्रेस अध्यक्ष मरकाम का दौरा कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम आज सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विधानसभा में आयोजित बैठक में शामिल होंगे। दोपहर 2 बजे विधानसभा से छुईखदान जिला राजनांदगांव के लिये रवाना होंगे। दोपहर 3.30 बजे छुईखदान में आयोजित खैरागढ़ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। शाम 5.30 बजे छुईखदान से रायपुर के लिये रवाना होंगे। शाम 7 बजे निवास बस्तरबाड़ा सिविल लाईन पहुंचेंगे।

पूर्ण पता एवं 2 अन्य सम्पर्क नंबर लेने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश।विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा कोरोना वायरस की बीमारी को संक्रामक बीमारी घोषित किया गया है। भारत सरकार तथा छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के आदेश/निर्देश के द्वारा कोविड -19'जाँच केन्द्र संचालित किये जा रहे है। मरीजों की जांच रिपोर्ट आने के उपरांत यह दृष्टिगत हो रहा है कि कोविंड टेस्टिंग के दौरान मरीजों के द्वारा निवास का स्पष्ट पता एवं सम्पर्क नंबर सही नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण मरीजो के कान्टेक्ट ट्रेसिंग एवं सैम्पलिंग में कठिनाइयां आ रही है। अपर कलेक्टर ने सभी कोविड-19 जांच केंद्रों को निर्देशित किया है कि कोविड-19 की जॉच कराने हेतु आने वाले व्यक्तियों के निवास का पूर्ण पता एवं 2 अन्य सम्पर्क नंबर लेने के उपरांत अग्रिम कार्यवाही करें ताकि व्यक्ति के पाजिटिव होने पर मरीज के सम्पर्क में आने वाले व्यक्तियों की कान्टेक्ट ट्रेसिंग एवं सैम्पलिंग की जा सके।

सीएम ने संतरा महंत के निधन पर दुख प्रकट किया

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संतरा महंत के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। श्रीमती संतरा महंत छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत की बड़ी बहन हैं। श्रीमती संतरा महंत का हृदयघात से निधन हो गया है। उनका कोरबा के अस्पताल में इलाज चल रहा था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत से फोन पर बात कर शोक संवेदनाएं प्रकट की। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए, संतरा महंत की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

मास्क नहीं पहनने वालों के खिलाफ राजधानी में अभियान जारी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में बढ़ते कोरोना के कारण मास्क नहीं पहनने वालों के खिलाफ नगर निगम द्वारा लगातार अभियान चलाकर जुर्माना वसूला जा रहा है। इस अभियान के तहत 16 जनवरी को मास्क नहीं पहनने वाले 219 लोगों को विभिन्न चौक-चौराहों में समझाईश देकर कुल 27300 रूपये जुर्माना वसूला गया। रायपुर जिला कलेक्टर सौरभ कुमार, नगर निगम रायपुर के आयुक्त प्रभात मलिक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार नगर निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न जोनों में शहर के प्रमुख चौक-चोराहों में महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं की सहायता से कोविड 19 प्रोटोकॉल नियमों का जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु परिपालन जनजागरण एवं समझाईश से करवाने मास्क नहीं पहनने वालों पर जुर्माना की कार्यवाही उन्हें समझाईश देने सहित निरंतरता से जारी है।

दुर्ग नौतनवा, दुर्ग-अजमेर स्पेशल ट्रेनों में अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। दुर्ग से नौतनवा के मध्य फेरे लगाने वाली स्पेशल ट्रेन में दो अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। रेल मंडल कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 18205/18206 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग स्पेशल गाड़ी में 02 अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा गाड़ी चलाने के नामित दिनों में दुर्ग से 20 जनवरी से 24 मार्च तक एवं नौतनवा से 22 जनवरी से 26 मार्च तक उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 18213/18214 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग स्पेशल गाड़ी में 02 अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा गाड़ी चलाने के नामित दिनों में दुर्ग से 24 जनवरी से 21 मार्च तक एवं अजमेर से 25 जनवरी से 22 मार्च तक उपलब्ध रहेगी।

नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने पं. बिरजू महाराज के निधन पर दुख व्यक्त किया

रायपुर/नवप्रदेश। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने प्रसिद्ध कथक सम्राट पंडित बिरजू महाराज के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पं. बिरजू महाराज भारतीय संस्कृति के सच्चे राजदूत थे। कत्थक नृत्य शैली को उन्होंने जन-जन तक सहजता से पहुंचाया है।

राज्य सरकार ने बदले कोरोना गाइड लाइन के नियम

■ अब लक्षणों के आधार पर होगा कोरोना का इलाज

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज को लेकर राज्य सरकार ने प्रोटोकाल में बड़ा बदलाव किया गया है। नए प्रोटोकाल में अब मरीजों को सिर्फ लक्षण के आधार पर ही दवाएं दी जाएगी। कोरोना संक्रमण के लिए पहले दी जा रही दवाएं (एजिथ्रोमाइसिन, आइवरमेक्टिन, हाईड्रोक्सीक्लोरोक्विन, फेविपिरावीर, डाक्सीसाइक्लिन व अन्य) उपयोग में नहीं ली जाएगी।

छत्तीसगढ़ राज्य कोरोना नियंत्रण अभियान के नोडल अधिकारी डा. सुभाष मिश्रा ने बताया कि कोरोना संक्रमण को लेकर दी जा रहीं पहले की दवाओं में देखा गया है कि संक्रमण के इलाज में फायदेमंद साबित नहीं हुए। इसे देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश के बाद संक्रमितों के इलाज के लिए नई गाइड लाइन जारी की गई है। संक्रमण के दौरान मरीजों में जिस तरह के लक्षण नजर आएंगे, उन्हें उनके आधार पर ही दवाएं दी जाएगी। इधर प्रशासन द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजों के लिए भी दवाओं के पैकेट में पैरासिटामाल, लिवोसेट्रिजीन, विटामिन-सी, जिंक टेबलेट दवाएं दी जा रही है।

खुद से ना करें जांच और इलाज

देखा जा रहा है कि कोरोना के लक्षण नजर आने पर मेडिकल स्टोर से किट लाकर जांच व खुद से दवाएं खरीद रहे, जो घातक तो है ही। स्वास्थ्य विभाग के पास भी संक्रमितों का डाटा नहीं पहुंच रहा है। सीएमएचओ डॉ. मीरा बघेल ने कहा है कि कोरोना संक्रमित होने पर मेडिकल स्टोर से खुद से दवाएं खरीदना, सेल्फ किट से कोरोना जांच की प्रवृत्ति घातक है। शासकीय केंद्रों में जांच व इलाज की निःशुल्क व्यवस्थाओं का उपयोग करें।

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य में 10.55 लाख से अधिक मरीज मिले हैं। इसमें से 8.37 से अधिक मरीज होम आइसोलेशन से स्वस्थ हुए हैं। वहीं 1.72 लाख मरीजों को अस्पताल भर्ती कराना पड़ा है। चिकित्सकों ने बताया कि वर्तमान में कोरोना संक्रमण मरीजों को अधिक गंभीर नहीं कर रहा है। अच्छी बात यह है कि संक्रमण फेफड़ों तक नहीं पहुंच रहा। जो कि पहले बेहद घातक हो रहा था। बावजूद सतर्कता बेहद जरूरी है।

संसदीय सचिव गुरदयाल सिंह बंजारे पॉजिटिव

छत्तीसगढ़ में कोरोना के बढ़ रहे आंकड़ों को रविवार का झटका लगा है। इसकी वजह से 19-20 प्रतिशत तक की दैनिक संक्रमण दर अचानक घटकर 12.17 फीसदी पर आ गई। दरअसल रविवार को केवल 32 हजार 563 सैंपल लिए जा सके। इस दौरान 3 हजार 963 नए मरीज सामने आए। संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। यह पिछले सप्ताह रोज मिल रहे मरीजों की संख्या से करीब आधी है। इसकी वजह से आंकड़ों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। विशेषज्ञों का कहना है, पिछले चार दिनों में कोरोना संक्रमण की रफ्तार थोड़ी स्थिर हुई है।

फरवरी तक पीक की संभावना

डॉ. भीमराव आम्बेडकर अस्पताल में क्रिटिकल केयर विभाग के प्रमुख डॉ. ओपी सुंदरानी का कहना है कि अभी मरीजों के अस्पताल आने की दर बेहद कम है। अगले फरवरी तक इस लहर का पीक आ सकता है। संभव है कि उस समय तक किसी-किसी शहर में संक्रमण दर 50 फीसदी तक पहुंच जाए।

शराब की बिक्री बढ़ाने में मदद करेगा छत्तीसगढ़ मॉडल

■ छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कंपनी लिमिटेड कंसल्टेंसी अब झारखंड में देगी सेवाएं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार पड़ोसी राज्य झारखंड में शराब की बिक्री बढ़ाने में मदद करेगी। झारखंड सरकार को छत्तीसगढ़ की नई शराब नीति काफी पसंद आई है। छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कंपनी लिमिटेड कंसल्टेंसी अब झारखंड में सेवाएं देगी।

छत्तीसगढ़ की तर्ज पर हीअब झारखंड में भी हो शराब की खरीदी व बिक्री को लेकर नई नीति लागू की जा सकती है। छत्तीसगढ़ के आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि हमारी सरकार के अधिकारियों से झारखंड सरकार की बातचीत हो रही है। वहां छत्तीसगढ़ की शराब नीति को लागू किया जा सकता है। हमारी सरकार झारखंड सरकार की मदद के लिए तैयार है।

झारखंड सरकार ने योजनाओं को सराहा

आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने सोमवार को मिडिया से चर्चा में कहा कि झारखंड सरकार ने छत्तीसगढ़ की बहुत सी योजनाओं को सराहा है। यदि वे मदद मांगे तो हम करेंगे, सुझाव भी देंगे। ऐसी जानकारी है झारखंड सरकार शराब नीति को लेकर हमसे मदद लेगी। झारखंड सरकार की हमारे अधिकारियों से बात हो रही है।

नियमानुसार जो भी संभव मदद होगी की जाएगी। बता दें कि छत्तीसगढ़ में सरकार द्वारा ही अंग्रेजी और देशी शराब की बिक्री की जा रही है। नई सरकार आने के बाद शराब बिक्री को लेकर कई नए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। कोराना काल में शराब की ऑनलाइन बिक्री भी प्रदेश में शुरू की गई है।

पूर्ण शराबबंदी का है वादा

बता दें कि साल 2018 के विधानसभा चुनाव के अपने जन घोषणा पत्र में कांग्रेस ने पार्टी की सरकार बनने पर पूर्ण शराबबंदी का वादा किया था। सरकार बनने के तीन साल बाद भी अब तक प्रदेश में शराबबंदी नहीं की गई है। घोषणा पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस सत्ता में आने पर राज्य में शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाएगी। वहीं, बस्तर और सरगुजा जैसे अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा को शराबबंदी का अधिकार होगा।

आबकारी मंत्री कवासी लखमा का कहना है कि राज्य में शराबबंदी के लिए हर वर्ग की सहमति ली जा रही है। नोटबंदी की तरह इसे एकाएक लागू नहीं किया जाएगा। पूरी तैयारी के साथ इसे लागू करेंगे।

जनता से जुड़कर प्रतिबद्धता से कार्य करने पर बढ़ेगी पहचान : गृहमंत्री साहू

■ प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों ने की गृहमंत्री से मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू से छत्तीसगढ़ के प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों ने उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान गृह मंत्री श्री साहू ने कहा कि पुलिस की सेवा आम नागरिकों से जुड़ा बहुत ही महत्वपूर्ण सेवा है। अपने कर्तव्यों व दायित्वों का निर्वहन ईमानदारीपूर्वक कर आमजनमानस में एक अलग पहचान स्थापित की जा सकती है।

उन्होंने सभी परिवीक्षाधीन अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनसे उनके गृह राज्य, शैक्षणिक पृष्ठभूमि के संबंध में जानकारी ली। मंत्री ने आईपीएस अधिकारियों से कहा कि आमजनता की समस्याओं का समाधान करने के साथ बेहतर पुलिसिंग से भी शासन के प्रति सकारात्मक माहौल निर्मित होता है। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों से मिले मार्गदर्शन का उपयोग करने और फील्ड में जाकर बेहतर सेवा उपलब्ध कराने की बात कही।

सीवरेज टैंक में खेलते हुए गिरा बच्चा, दोस्तों ने बचाया

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के कमल विहार इलाके में रविवार को हादसे में एक बच्चे की जान बच गई। यहां सड़कों पर कई सीवरेज टैंक हैं। इस टैंक को ढंका नहीं गया है। सेक्टर 4 इलाके में क्रिकेट खेलते हुए एक बच्चा इस टैंक में जा गिरा।

मिली जानकारी के मुताबिक संडे की सुबह लालपुर में रहने वाला आर्यन निषाद (8) अपने कुछ दोस्तों के साथ कमर विहार क्रिकेट खेलने पहुंचा था। गेंद के पीछे भागते-भागते उसका पांव सड़क पर खुले टैंक में चला गया। झटके से आर्यन सीवरेज में गिरा, अंदर की तरफ एक पाइप को पकड़कर आर्यन मदद के लिए चीखने लगा। उसके साथ क्रिकेट खेल रहे हिमांशु और कुंदन नायक (14) वहां पहुंचे।

कुंदन ने बताया कि हिमांशु को अंदर फंसा देखकर उसने सड़क पर लेटकर अपना हाथ अंदर डाला। आर्यन ने कुंदर का ब्रेसलेट पकड़ लिया। जैसे-तैसे आर्यन कुछ देर लटका रहा। इसके बाद हिमांशु ने बैट आर्यन की ओर बढ़ाया, दोनों बच्चों ने मिलकर इसके बाद आर्यन को ऊपर खींचा और उसकी जान बचाई, कुछ देर बाद आस-पास के रहवासी भी यहां पहुंचे और बच्चों की सुध ली। आर्यन और किसी साथी को चोट नहीं आई, कुछ देर बाद ये सभी लालपुर अपने घर को लौट गए। करीब 20 फीट गहरे इस टैंक में गंदा पानी भरा हुआ था, इसमें डूबने की वजह से कोई अनहोनी हो सकती थी। मगर पास में ही खेल रहे इस बच्चे के दोस्तों ने बहादुरी दिखाकर अपने साथी को बचा लिया।

कोरबा-यशवंतपुर एक्सप्रेस 20 को परिवर्तित मार्ग से चलेगी

रायपुर/नवप्रदेश। कोरबा से चलने वाली कोरबा-यशवंतपुर एक्सप्रेस 20 जनवरी को परिवर्तित मार्ग से चलेगी। दक्षिण मध्य रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार मालुगुर स्टेशन के समीप समपार फाटक में रोड़ अंडरब्रिज निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसके चलते 20 जनवरी को कोरबा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12252 कोरबा-यशवंतपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग धौंन-पेंडकल्लु-रेनिगुंटा-जोलरपेट्टी-यशवंतपुर से चलेगी।

जुआ खेलते भाजपा मंडल उपाध्यक्ष समेत 10 गिरफ्तार, 1 लाख नकदी समेत मोबाइल जब्त

■ अंधेरे का फायदा उठाकर कई जुआरी फरार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। लगातार दूसरे दिन बड़े स्तर पर कार्रवाई की गई है। इस बार पंडरी इलाके की दुबे कॉलोनी से जुआरियों को पकड़ा गया है। इसमें भारतीय जनता पार्टी का एक नेता भी शामिल हैं। इसके अलावा पुलिस ने 9 और युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 1 लाख 5 हजार 200 रुपए कैश और ताश की गड्डियां मिली हैं।

पुलिस को खबर मिली थी कि युवकों का झुंड दुबे कॉलोनी इलाके में जुआ खेल रहा है। टीम ने रविवार की रात कॉलोनी में छापा मारा, दांव लगाते 10 युवकों को पकड़ा गया। इसमें भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा का मंडल उपाध्यक्ष नवीन वर्मा शामिल था। अपने साथियों के साथ जुए के अड्डे पर नवीन भी दांव लगाने पहुंचा था मगर पुलिस ने पकड़ लिया। इसके कुछ साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे। गिरफ्तार हुए इन युवकों से पुलिस बाकी के जुआरियों की जानकारी ले रही है।

ये हुए गिरफ्तार

पुलिस की इस कार्रवाई में शेखर निसाद निवारी पारस नगर, अकबर खान निवासी राजा तालाब, अब्राहम खान निवासी प्रगति नगर, चिंटू निषाद निवासी संतोषी नगर, विवेक पाल निवासी लोधी पारा, हेमंत वर्मा निवासी लोधी पारा पंडरी, ऋषभ कुमार निवासी लोधी पारा, नवीन वर्मा निवासी पंडरी तराई, नूतन निषाद निवासी फुंडहर शामिल हैं। रविवार को भी पुलिस ने 16 जुआरियों को रामसागर पारा से इसी तरह पकड़ा था।

बयानबाजी — भूपेश सरकार में भू-माफिया जेल जाते हैं, रमन सरकार के समय भारतीय जनता पार्टी में जाते थे

दंतेवाड़ा जमीन घोटाला छत्तीसगढ़ की जनता भूली नहीं है : धनंजय

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश मंत्री ओपी चौधरी के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार में भू माफिया जेल जाते हैं रमन सरकार में तो भूमाफिया भाजपा में जाते थे। भाजपा प्रदेश मंत्री ओपी चौधरी को अच्छे से पता है। रमन सरकार के दौरान छत्तीसगढ़ भूमाफियाओं का हब बन गया था। भू माफियाओं को रमन सरकार और रमन सिंह के चरण वंदना करने वाले कमीशनखोरी भ्रष्टाचार में भागीदार चंद चाटुकार अधिकारियों का संरक्षण था। छत्तीसगढ़ की जनता दंतेवाड़ा जमीन घोटाला को भूली नहीं है। किस प्रकार से आदिवासियों के जमीन में हेराफेरी किया गया।

जिसकी शिकायत राजभवन तक हुई। रमन सरकार के मंत्री के करीबी बाजपाई ने कैसे स्वागत विहार में सरकारी जमीन को अपना बताकर फर्जी तरीके से खरीदी बिक्री किया और सरकार के साथ-साथ आम जनता को भी चूना लगाया। भाजपा के वरिष्ठ नेता पेशे से बिल्डर ने शंकर नगर क्षेत्र में विधायकों के लिए एलाट हुई सरकारी जमीन जो बाद में जमीन कम होने चलते रद्द किया गया था उसमें फर्जीवाड़ा कर कॉलोनी डेवलपकर सरकार को चूना लगाया और जनता को भी गुमराह किया है।

रमन सिंह के 15 साल के शासन काल में छत्तीसगढ़ में सरकारी जमीनों पर कब्जा अफरा-तफरी करने का काम भाजपा से जुड़े बिल्डर भूमाफिया करते रहें और उनको रमन सिंह सरकार का संरक्षण रहा है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार गरीबों के मकान बनाने के सपनों को पूरा कर रही है पूर्व सरकार के दौरान छोटे जमीनों के रजिस्ट्री नामांतरण डायवर्शन पर लगाई गई रोक को हटाकर रिक्शा चालक ऑटो चालक छोटे व्यवसाई रोजी मजदूरी करने वालों को अपने मकान बनाने का सपना को पूरा कर रही है।

रमन सरकार के दौरान बस्तर के 17 साल आदिवासी परिवार से छीनी गई 4100एकड़ जमीन को लौटाई है गोधन न्याय योजना के माध्यम से प्रदेश में 6000 से अधिक गोठान बनाकर एक लाख हेक्टेयर से अधिक सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त की है।रमन सरकार के समय सरकारी जमीनों पर अफरा-तफरी करने वालों को जेल भेज रही।

संपादकीय

सपा ने किए दरवाजे बंद

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा के तीन मंत्रियों सहित नौ विधायकों को अपनी पार्टी में शामिल करने के बाद अब घोषणा कर दी है कि भाजपा से आने वाले किसी भी विधायक को समाजवादी पार्टी में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। दरअसल स्वामी प्रसाद मौर्य ने भाजपा छोड़ने के बाद घोषणा की थी कि प्रतिदिन एक मंत्री और 3-4 विधायक भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में आएंगे। उन्होने जब यह घोषणा की थी तब अखिलेश यादव भी मंच पर मौजूद थे लेकिन उन्होने इस घोषणा का विरोध नहीं किया था। दरअसल भाजपा की टिकट न मिलने से नाराज कई मंत्री और विधायक समाजवादी पार्टी का दामन थामना चाह रहे थे ताकि सपा का टिकट उन्हे मिल जाएं। यदि समाजवादी पार्टी ऐसे सभी दलबदलूओं को टिकट दे देती तो समाजवादी पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता जो टिकट के प्रबल दावेदार रहे है उनका पत्ता कट जाता जो समाजवादी पार्टी के लिए नुसानदेह साबित होता। नाराज कार्यकर्ता दलबदलुओं का खुलकर विरोध नहीं करते तो भी जमकर भीतर घात करतें। इस खतरे को भांप कर ही अब अखिलेश यादव ने दलबदलुओं के लिए समाजवादी पार्टी के दरवाजे बंद कर दिए है। अब तो समाजवादी पार्टी छोड़कर कई नेता भाजपा में जा रहे है जो भाजपा के लिए हानिकारक हो सकता है। दरअसल ऐन चुनाव के पूर्व दलबदलने वालों को पार्टियां बेशक अपने दल में शामिल कर लें लेकिन उन्हे टिकट नहीं देनी चाहिए क्योंकि अधिकांश दलबदलू चुनाव हार जाते है। कायदे से तो दलबदल कानून को और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। तभी कपड़ों की तरह दल बदलने वाले अवसरवादियों को सबक मिलेगा। जब तक कोई ऐसा कड़ा कानूनी प्रावधान नहीं होगा तब तक दलबदल का यह खेल बदस्तूर जारी रहेगा।

विचार

इमरान ख़ान के इरादे आधे सच्चे आधे झूठे

नीरज मनजीत

क्या पाकिस्तान पर भरोसा किया जा सकता है? तक़रीबन हर भारतीय इस सवाल का यही जवाब देगा कि 'कतई नहीं'। पर अब पिछले दिनों पाकिस्तान की नई सुरक्षा नीति का मसौदा आने के बाद यह पूछा जा रहा है कि क्या इमरान ख़ान पर भरोसा किया जा सकता है ? इस प्रश्न के उत्तर में हममें से कुछ लोग कह सकते हैं कि 'चलो, करके देखते हैं'। यह उत्तर एक ऐसी उम्मीद पर टिका है, जो हर दफ़ा टूटी है। इसी 'भरोसा करके देखने' के चक्कर में 75 साल बीत गए, किंतु भारत के प्रति पाकिस्तान के दुराग्रह में कोई परिवर्तन नहीं आया। हर बार पाकिस्तान ने दोस्ती और अमन की बात की, विश्व बिरादरी के सामने कई समझौते किए और हर दफ़ा इन सब बातों, समझौतों को धता बताते हुए पीछे से भारत पर आक्रमण किया। अब फिर एक बार वज़ीर-ए-आज़म इमरान ख़ान और उनकी सरकार अपनी नयी राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के ड्राफ़्ट के जरिए कह रही है कि पाकिस्तान अगले सौ सालों तक भारत से दुश्मनी नहीं रखेगा। भारत-पाकिस्तान के बीच अमन की राह में सबसे बड़ी बाधा-कश्मीर-के बारे में उम्मीद जताई गई है कि बातचीत के जरिए इस मसले को सुलझा लिया जाएगा। एक और महत्वपूर्ण बात कही गई है कि इस ड्राफ़्ट में पाकिस्तान की जनता के हितों को सर्वोपरि रखा गया है। सौ पृष्ठों के ड्राफ़्ट की ये कुछ प्रमुख बातें हैं, जिन्हें ज़ाहिर किया गया है। बाक़ी बातों को गुप्त रखा गया है। पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डॉ. मोईद यूसुफ ने कहा है कि एक लंबे विचार-विमर्श के बाद तैयार किए गए ड्राफ़्ट में पड़ोसियों से अमन और तिज़ारत पर ज़ोर दिया गया है। पाक पार्लियामेंट में विपक्षी पार्टियों ने इस मसौदे की जमकर खिंचाई की है। उनके मुताबिक यह ड्राफ़्ट देश को आर्थिक गुलामी की ओर ले जाएगा। पाक मीडिया ने भी कश्मीर मसले को लेकर कही गई बातों को इमरान सरकार का ट्रिपल यू टर्न बताया है। सच कहा जाए तो इमरान ख़ान एक संजीदा राजनीतिज्ञ हैं। भारत से अच्छे रिश्ते क़ायम करने के उनके इरादों पर भी शायद भरोसा किया जा सकता था। पर हम यह कभी नहीं भूल सकते कि पाकिस्तान में कोई भी चुनी हुई सरकार भारत के मामले में आईएसआई और आर्मी की मर्ज़ी के बग़ैर कोई फ़ैसला नहीं कर सकती। इस तथ्य के बरअक़्स भारत के प्रति आर्मी और आईएसआई की बदनीयत और उनके नापाक इरादों-साज़िशों को दुनिया जानती है। ज़ाहिर है कि इमरान के 'सदाशयता के दावे' के बावजूद हम आईएसआई और आर्मी पर कतई भरोसा नहीं कर सकते। आख़िर इमरान सरकार भी तो आर्मी और आईएसआई के इशारों पर ही काम कर रही है। हम मानते हैं कि वैश्विक मंचों पर कई बार इमरान ने कभी तो सत्य और कभी अर्द्धसत्य कहने की हिम्मत जुटाई है। उनके पूर्ववर्ती हुक़्मरान कभी ऐसी हिम्मत नहीं जुटा पाए थे। इसी वर्ष संयुक्त राष्ट्र महासभा में उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान में दहशतगर्दी और उग्रवादी उभार के लिए अमेरिका जिम्मेदार है। इमरान का मानना था कि अमेरिका के कहने पर ही उनके पूर्ववर्ती हुक़्मरानों ने अपनी ज़मीन पर मुजाहिदीन लड़ाकों को प्रशिक्षण दिया था, ताकि वे अफ़ग़ानिस्तान में सोवियत समर्थित सरकार और वहाँ तैनात सोवियत आर्मी से लड़ सकें।

इमरान ख़ान ने बड़ी मासूमियत से दहशतगर्दी का ठीकरा अमेरिका के सर फोड़ दिया था, पर उन्होंने यह नहीं बताया कि इन्हीं हुक़्मरानों ने पिछली सदी के आख़िरी दशक में इस दहशतगर्दी का रुख कश्मीर और भारत के महानगरों की तरफ़ मोड़ दिया था। अभी पिछले महीने इस्लामिक देशों के संगठन ओआईसी के इस्लामाबाद सम्मेलन में उन्होंने स्वीकार किया था कि उनके पूर्ववर्ती हुक़्मरान सिर्फ़ डॉलर की खैरात पाने के लिए काम करते थे और उन्होंने अवाम की हालत सुधारने पर कतई ध्यान नहीं दिया।

विराट बेहतर विदाई के हकदार थे

नितेश छाबड़ा

लगता है पिछले कुछ महीनों से उनकी कप्तानी पर उठ रही उंगलियों से वे परेशान थे। ऐसे वक़्त में उनका साथ देने और उनका मनोबल बनाए रखने की जिम्मेदारी बोर्ड अधिकारियों की थी। बोर्ड की अहमन्यता और संवादहीनता की वजह से विश्व क्रिकेट के एक अच्छे कप्तान को असमय कप्तानी छोड़नी पड़ी। इसमें कोई संदेह नहीं कि बोर्ड ने इस मामले को बहुत ही गैर पेशेवर ढंग से निबटाया, जबकि अच्छे संवाद के जरिए इस मसले को बेहतर तरीके से सुलझाया जा सकता था। यह भी तब हुआ जब बोर्ड अध्यक्ष पूर्व कप्तान सौरव गांगुली हैं, जो कप्तान रहते हुए 2005 में इसी तरह की दिक्कतों का सामना कर चुके हैं। निश्चय ही कोहली बड़े ही सम्मान के साथ इस पद से विदा होने के हक़दार थे।

आखिरकार विराट अब भारतीय टीम के किसी भी फॉरमेट के कप्तान नही हैं। दक्षिण अफ्रीका से टेस्ट सीरीज हार जाने के अगले ही दिन उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए टेस्ट क्रिकेट की कप्तानी छोड़ने का ऐलान करते हुए विश्व क्रिकेट को हैरान कर दिया। पिछले कुछ समय से बोर्ड और कोहली के बीच जो खटास देखी जा रही थी, उसने यह भूमिका पहले ही तैयार कर दी थी। रही सही कसर दक्षिण अफ्रीकी श्रृंखला की हार ने पूरी कर दी। शायद पिछले दिनों के घटनाक्रम की वजह से कोहली कहीं-न-कहीं कप्तानी को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे थे। विराट का यूँ अकस्मात कप्तानी छोड़ने का फ़ैसला कई सवाल खड़े कर रहा है।क्या सचमुच बोर्ड और भारत के सर्वाधिक सफल कप्तान के बीच रिश्ते इस कदर असामान्य हो गए थे कि दौरे के बीच ऐसा ऐलान आया है ? क्या हमारा क्रिकेट बोर्ड इस क़दर अहमन्यता का शिकार है कि वह विराट और धोनी जैसे खिलाड़ियों की अच्छी विदाई भी सुनिश्चित नहीं कर सकता ? याद कीजिये धोनी को ऑस्ट्रेलिया के दौरे के ऐन बीच में कप्तानी छोड़नी पड़ी थी। धोनी ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास लेने का फ़ैसला भी अचानक लिया था। क्या विराट भी उसी राह पर हैं ? यह सवाल निश्चय ही क्रिकेट प्रेमियों को आंदोलित कर सकता है, पर शायद बोर्ड को अपना अहम छोड़ना मुश्किल होगा।

सात माह पहले जब भारतीय टीम विराट कोहली की अगुवाई में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलने इंग्लैंड पहुँची थी, तब टीम पर विराट की पकड़ काफी मजबूत थी। उस वक़्त टीम के चयन में विराट की बड़ी भूमिका रहती थी। पर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में न्यूजीलैंड से मिली शर्मनाक हार के बाद विराट की मुश्किलें बढती चली गई। पिछले चार वर्षों में विराट की कप्तानी में यह तीसरा ऐसा आईसीसी टूर्नामेंट था, जिसमें टीम इंडिया फेवरेट थी और ग्रुप राउंड में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद फाइनल में जाकर हारी। 2019 के वर्ल्ड कप में भी भारत को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। विराट के आलोचक अक्सर इस बात का जिक्र भी करते हैं कि आईपीएल का एक भी खिताब उनके नाम नहीं है। इसके अलावा कुछ और भी ऐसी वजहें हैं, मसलन

क्या हमारा क्रिकेट बोर्ड इस क़दर अहमन्यता का शिकार है कि वह विराट और धोनी जैसे खिलाड़ियों की अच्छी विदाई भी सुनिश्चित नहीं कर सकता ? याद कीजिये धोनी को ऑस्ट्रेलिया के दौरे के ऐन बीच में कप्तानी छोड़नी पड़ी थी। धोनी ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास लेने का फैसला भी अचानक लिया था। क्या विराट भी उसी राह पर हैं ? यह सवाल निश्चय ही क्रिकेट प्रेमियों को आंदोलित कर सकता है, पर शायद बोर्ड को अपना अहम छोड़ना मुश्किल होगा। सात माह पहले जब भारतीय टीम विराट कोहली की अगुवाई में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलने इंग्लैंड पहुंची थी, तब टीम पर विराट की पकड़ काफी मजबूत थी। उस वक़्त टीम के चयन में विराट की बड़ी भूमिका रहती थी। पर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में न्यूजीलैंड से मिली शर्मनाक हार के बाद विराट की मुश्किलें बढती चली गई। पिछले चार वर्षों में विराट की कप्तानी में यह तीसरा ऐसा आईसीसी टूर्नामेंट था, जिसमें टीम इंडिया फेवरेट थी।

1.वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की हार के बाद इंग्लैंड में कोहली की बोर्ड अधिकारियों साथ बैठक हुई थी। इस बैठक में विराट को कुछ इल्ज़ामों की सफाई भी देना पड़ी थी। बैठक के तत्काल बाद विराट ने यह ऐलान कर दिया कि वे टी20 विश्व कप के बाद इस फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ देंगे। पर वे 2023 के विश्व कप तक वन डे में कप्तान बने रहना चाहते थे। उन्हें उम्मीद थी कि टी20 विश्व कप में टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी, पर पाकिस्तान और न्यूजीलैंड से बुरी तरह पराजित होने के बाद मीडिया में यह चर्चा होने लगी कि उनसे एकदिवसीय कप्तानी वापस ली जा सकती है।

2. इसके बाद बोर्ड अध्यक्ष सौरव गांगुली का बयान आया कि उन्होंने विराट से व्यक्तिगत रूप से कहा था कि वे टी20 कप्तानी न छोड़े, क्योंकि बोर्ड सफेद बॉल क्रिकेट में दो कप्तानों की थ्योरी पर नही चलना चाहता। इस बीच दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम चयन के साथ ही अकस्मात बीसीसीआई का एक पंक्ति का बयान आता है कि आगामी एकदिवसीय श्रृंखला में रोहित शर्मा कप्तान होंगे।

3. दक्षिण अफ्रीका रवाना होने से पहले विराट की विवादास्पद प्रेस कॉन्फ्रेंस आ जाती है, जिसमें वे बोर्ड अध्यक्ष सौरव गांगुली और मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा को कठघरे में खड़ा कर देते हैं। दरअसल बात यहीं से बिगड़ी। चेतन शर्मा ने भी पलटकर विराट पर की आरोप थोप दिए। फिर एक हफ्ते बाद सौरव गांगुली ने चुप्पी तोड़ते हुए सिर्फ ये ही कहा कि बोर्ड इस मुद्दे पर विराट से बात करके सही वक्त पर फैसला करेगा।

इस घटनाक्रम और खराब फॉर्म के बावजूद ऐसा नहीं लग रहा था कि विराट टेस्ट फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ने का मन बना रहे हैं। लगता है पिछले कुछ महीनों से उनकी कप्तानी पर उठ रही उंगलियों से वे परेशान थे। ऐसे वक्त में उनका साथ देने और उनका मनोबल बनाए रखने की जिम्मेदारी बोर्ड अधिकारियों की थी। बोर्ड की अहमन्यता और संवादहीनता की वजह से विश्व क्रिकेट के एक अच्छे कप्तान को असमय कप्तानी छोड़नी पड़ी। इसमें कोई संदेह नहीं कि बोर्ड ने इस मामले को बहुत ही गैर पेशेवर ढंग से निबटाया, जबकि अच्छे संवाद के जरिए इस मसले को बेहतर तरीके से सुलझाया जा सकता था। यह भी तब हुआ जब बोर्ड अध्यक्ष पूर्व कप्तान सौरव गांगुली हैं, जो कप्तान रहते हुए 2005 में इसी तरह की दिक्कतों का सामना कर चुके हैं। निश्चय ही कोहली बड़े ही सम्मान के साथ इस पद से विदा होने के हक़दार थे।

समाज के असल मुद्दों का क्या?

डॉ रामेश्वर मिश्र

सत्ता में अपनी बढ़त बनाने की आकांक्षा में सबसे ज्यादा 182 दल बदलने वाले विधायकों को भाजपा ने अपनी पार्टी में शामिल किया। इसी प्रकार 16 राज्यसभा सदस्यों ने अपनी सदस्यता छोड़कर पुनः दूसरे दल से राज्य सभा पहुंचे जिसमे से भी 10 राज्य सभा सदस्य दूसरी पार्टी से निकलकर भारतीय जनता पार्टी में पहुंचे थे। उत्तर प्रदेश में 2017 के चुनाव में अपने दलों को छोड़कर आये विधायकों, नेताओं में से 67 को भाजपा ने मैदान में उतारा जिसमे से 54 ने जीत हाशिल की और अब यही विधायक आज भाजपा छोड़कर दूसरी पार्टी में जा रहें हैं। समता, समानता, समावेशी, समाजनिष्ट की नीति की जो दुहाई सत्ता पक्ष एवं इन नेताओं द्वारा दी जा रही है वह असल में आम जनमानस से छलावा है क्योंकि कई ऐसे अवसर उत्तर प्रदेश में आये जब समाज को न्याय, समानता एवं समावेशी नीति और इन जनप्रतिनिधियों की आवश्यकता थी।

हाल ही में होने जा रहे पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव के निर्वाचन आयोग द्वारा तिथि की घोषणा ने उत्तर प्रदेश के सियासी तापमान को बहुत बढ़ा दिया है। इस समय उत्तर प्रदेश की राजनीति में केवल दल-बदल का विषय चर्चा में है, इससे पहले जनता को 80 बनाम 20 की लड़ाई में फंसाया गया, उससे पहले अब्बाजान-चच्चाजान, लुंगी-टोपी, जिन्ना जैसे अनावश्यक विषयों में फंसाया गया, आम जनमानस का ध्यान भटकाया गया जिसमे असल मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। आचार संहिता लगने के बाद से नेताओं में पद लोलुपता की जो जिज्ञाषा दिख रही है वह हर व्यक्ति को परेशान कर रही है। भारतीय जनता पार्टी के टिकट घोषणा से पहले अनेक मंत्रियों एवं विधायकों का पार्टी के पद एवं सदस्यता से इस्तीफा देना उत्तर प्रदेश में चुनाव से पहले बहुत बड़े बदलाव को रेखांकित कर रहा है। इन नेताओं द्वारा पार्टी छोड़ने के पीछे एक विषय को आधार बनाया गया है, सबने सत्ता पक्ष में रही योगी सरकार पर दलितों, पिछड़ों, गरीबों, महिलाओं, किसानों के उत्पीड़न का आरोप लगाया है। सत्ता पक्ष द्वारा इन दावों का खंडन करते हुए इन पार्टी छोड़ने वाले नेताओं की असफलता को मुख्य कारण बताया जा रहा है और कहा जा रहा है कि इन सारे नेताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्य नही किया इसलिए इनके टिकट कटने वाले थे, टिकट कटने के भय से इन लोगों ने पार्टी छोड़ दी। आज नेताओं के पार्टी छोड़ने और नयी पार्टियों से जुड़ने के विषय के साथ-साथ अनेक ऐसे प्रश्न हैं जो इन नेताओं और सत्ता पक्ष की मंसा पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं।

सबसे अहम सवाल सत्ता पक्ष से यह है कि क्या सत्ता पक्ष द्वारा पिछले पांच सालों में इन पार्टी छोड़ने वाले नेताओं की कार्यों को देखते हुए इनको पद से पहले ही क्यों नही हटाया गया ? क्या इन नेताओं को पिछले पांच वर्षों में पार्टी द्वारा कोई चेतावनी दी गयी थी ? नेताओं की कार्यशैली को देखते हुए क्या 325 विधायकों वाली पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार द्वारा किसी को पार्टी से निकाला गया ? दूसरे अहम प्रश्न इन पार्टी छोड़ने वाले नेताओं से है कि क्या इन पांच सालों में योगी जी को दलितों, पिछड़ों के हितों से जुड़ी एक

भी समस्या के लिए पत्र लिखे ? क्या इन नेताओं ने पिछड़ों, दलितों, शोषितों, गरीबों, बेरोजगारों की मांग को लेकर अपनी सरकार के खिलाफ कोई मोर्चा खोला? ऐसे अनेक प्रश्न हैं जो योगी सरकार और बागी विधायकों एवं मंत्रियों के एक छिपे हुए स्वरुप को उजागर करते हैं। इन नेताओं का मूल उद्देश्य पार्टी छोड़ने एवं दूसरी पार्टियों में अपने निजी हित को तलाशने एवं लोगों के ध्यान को भ्रमित करना है। इन नेताओं ने पिछले पांच सालों में अपने समाज की कोई चिंता नही की न ही सरकार का विरोध कर पाये साथ ही सरकार ने भी जाति आधारित वोट बैंक के लालच में इन विधायकों एवं मंत्रियों के कार्यों की कभी कोई समीक्षा तक नही किया जिससे आम जनमानस की समस्याएं यथावत बनी रही।

इन नेताओं के अपने समाज से जुड़े विषयों का अवलोकन करें तो उनहत्तर हजार शिक्षक भर्ती में हो रही आरक्षण सम्बन्धी अनियमितता, किसान की खाद की समस्या, लखीमपुर में किसानों को कुचलने की घटना, लखीमपुर के चीरहरण की घटना, आजमगढ़ में दलित बस्ती को उजाड़ने की घटना, प्रदेश में बढ़ रहा कुपोषण, महिला उत्पीड़न में हो रही वृद्धि का मामला, पुलिस एवं न्यायिक हिरासत में बढ़ते मृत्यु की दर, आवारा पशुओं से फसल बर्बादी की समस्या, निजीकरण से उत्पन्न सामाजिक विसंगति जैसे अनेक विषय थे और आज भी हैं जिस पर ये जनप्रतिनिधि न कभी अपने घर बाहर से निकले और न ही कभी इन मुद्दों पर मिडिया या सरकार से अपना पक्ष रखते दिखे। चुनाव पूर्व उनका पार्टी से निकलकर दूसरी पार्टियों में जाना इनकी सत्ता की आकांक्षा की परिणीति मात्र है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 107 प्रत्याशियों की सूची जारी की गयी। जिसमे से 21 विधायकों के टिकट काटे गए हैं 20 विधायकों के निर्वाचन क्षेत्र बदले गए हैं। इसका तात्पर्य यह है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा इन नेताओं के कार्य न करने के फलस्वरूप टिकटों को काटा गया है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा लगातार यह दावे किये जा रहे थे कि 100 के लगभग विधायकों के टिकट काटे जायेंगे। आने वाले दिनों में यह स्पष्ट हो जायेगा कि कितने विधायकों के टिकट काटे जाते हैं लेकिन एक बात तो स्पष्ट है कि इन जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रदेश के हितों की अनदेखी की गयी है जो कि सत्ता पक्ष की कार्यशैली पर एक प्रश्नचिन्ह है जो 'डबल इंजन की सरकार है यूपी में विकास है', 'सबका साथ सबका विकास' के दावों को खोखला करती है। अगर हम पिछले पांच सालों में नेताओं के पार्टी बदलने से जुड़े तथ्यों का अवलोकन करें तो इन जनप्रतिनिधियों की नियत को स्पष्ट हो जाती है। एडीआर के मुताबिक पिछले पांच सालों में लगभग 433 विधायकों एवं सांसदों ने चुनाव जीतने के बाद पार्टी बदल ली।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बहुत ही प्यारीनानी

बहुत ही प्यारीनानी की दुलारी रुको नानी,रुको फोन रखना नही तरह तरह के मुखोटें लगा कर मुझे डराती है फिर जोर से हंसती है डरो नही डरो नही पीयू मारेगी उसको स्टाईल क्या है अब, इनसे सीखना होगा पढ़ने की क्या बात कहें बोलती है मैं सब जानती हूँ नानी ये तो बताओं मैम किधर है, नानी मैं जल्दी आऊंगी ये कहकर मेरे मन को सबुरी देती है सब की राजदुलारी नानी की पीयू। **-प्रीति श्रीवास्तव**

कुछ कहे नहीं हैं

कुछ कहे नहीं हैं प्रिय बातों का सिलसिला चलता ही रहे ताउम्र और मुलाकात दस्तक देती रहे यूं तो हर विराम को पीछें ही छोड़ आए जहाँ से चले थे वहाँ कुछ तो न था आज सबकुछ होकर भी कुछ तो नहीं कुछ कहे नहीं हैं प्रिय।

- सोनू कुमार आकाश

ख़ास पाती | तुम चीखों चाहे चिल्लाओ चाहे

तुम चीखों चाहे चिल्लाओ, चाहे खूब दुहाई दो। छिपा नहीं पाओगे गलती, कितनी भले सफाई दो। तुमको किसने रोका प्यारे, तुम भी बंदर बांट करो, जाओ अपने ख़ास जनों को, रबड़ी और मलाई दो। सुंदरता के सारे सांचे, इसके सम्मुख बौने हैं, रंग रूप का चक्कर छोड़ो, सीरत को ऊँचाई दो। नाती पोतों में देखेगी, बचपन अपने बच्चों का, फिर से इन बूढ़ी आँखों को, नयी नयी बीनाई दो। लड़ता रहा अभावों से जो, हार नहीं मानी जिसने, सबसे पहले उस बच्चे से, मिलकर उसे बधाई दो। डीजे का शोर दबा ना दे, शोभा मंगल कारज की किसी पुराने साज़िन्दे को, अब लाकर शहनाई दो। जो सब कुछ ठीक बताती हैं, उन आँखों की पीर पढ़ो, तब जाकर के कलम उठाओ शब्दों को गहराई दो। **- कवि अंकित चहल 'विशेष'**

रात भर जागते, हम रहे उम्र भर

रात भर जागते हम रहे उम्र भर तुमको पाना भी इतना सरल न हुआ। जब भी चाहा मुझे तुम मिलो राह पर, राह के मोड़ ही क्यो अलग हो गए। हारना चाहते थे हम तुम्हे जीत कर तुम न जाने कैसे इतने गरल हो गए। दर पर मांगा था उसके सदा के लिए, खाली झोली लिए बस खड़े रह गए आसमा थे तुम हम समझ न सके फासले बस यही से विरल हो गए। तुमको पढ़ते रहे मान कर हम खुदा, मुझमे बसते रहे तुम बन कर दुआ। जब भी चाहा मेरे तुम हो जाओ अब, मोम के जैसे तुम क्यो तरल हो गए। **- आकांक्षा द्विवेदी**

कह दी जो तुमको सोच के भीगी

कह दी जो तुमको सोच के भीगी हुई ग़ज़ल कहने लगे हैं लोग भी अच्छी हुई ग़ज़ल महके ख़याल पहना जो हर्फ़ों का पैरहन लगने लगी है ज़िन्दगी महकी हुई ग़ज़ल। **- राजेश श्रीवास्तव 'प्रखर'**

साथ चलता है...कारवां कोई मुझपे

साथ चलता है...कारवां कोई मुझपे रहता है ..मेहरबां कोई मेरी नज़रों में.कैद रहकर भी मुस्कुराता है....हमनवां कोई तुम मेरे साथ हो अगर राघव मेरा लेगा क्या...इम्तेहां कोई मुझमें चंपा गुलाब.. रखता है सींचता रहता....बागबां कोई रास्ते मुझको... हौसला देते तुझसा रहबर न है.यहां कोई तुझमें सूरज हजारों रखता है रौशन करता है दो जहां कोई। **- नरेन्द्र पाण्डेय**

मुझको गिला नही है रूठे भला

मुझको गिला नही है रूठे भला ज़माना लगता मुझे है अच्छा उनका मुझे सताना आँखें झुकाए हम हैं लब में भरे पैमानेझीना हिज़ाब देखो मानो छिपा खज़ाना बारिश बुला रही है यादें सता रहीं हैं आँखे भिगोए बैठी जालिम तिरा नही ठिकाना आशिक बने हुए हैं वादा निभा न पाए अच्छा नही है मुझको दिन रात का चिढाना हो कालिखों के पहरे खामोश ज्योति जगमग है याद आज भी आंधी से नैना लड़ाना। **- ज्योत्सना सक्सेना**

कोहरे की चादर में लिपटा सूरज

कोहरे की चादर में लिपटा सूरज आलस से भरा है आज सरिता की कलकल सुन बैठी गौरय्या लेकर नवसाज नदी क्यूँ है इतनी शांत क्या मन है सूरज से क्लात बहो नदी तुम धीरे-धीरे जीवन बसा है तुम्हारे तीरे।

- सरिता शैल

आज फिर दिल ने चाहा अपना

आज फिर दिल ने चाहा अपना बना लूँ तुमको, छिपा कर इस जहाँ से दिल मे बसा लूँ तुमको। साथ दे सको उम्रभर तो थाम लो हाथ मेरा, फिर दो गर इजाजत तो तुम्ही से चुरा लूँ तुमको। **- मोहिनी गुप्ता**

QUIZ TIME

1) भारत को कितने वर्ष के लिए फिर से अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का अध्यक्ष चुन लिया गया है?
2) 'जगनन्ना विद्या कनुका' किस राज्य की प्रमुख योजना है?
3) किस राज्य सरकार ने किसानों के उन्नयन के लिए किसान कल्याण कोष बोर्ड स्थापित करने का फैसला लिया है?
4) मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना किस राज्य की एक प्रमुख योजना है?
5) किस भारतीय युवा शतरंज खिलाड़ी ने चेस डॉट कॉम की जूनियर स्पीड ऑनलाइन चेस चैंपियनशिप 2020 जीत ली?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 2 वर्ष (2) आंध्र प्रदेश (3) केरल (4) उत्तराखंड (5) निहाल सरीन

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1778 - जेम्स कुक ने 'हवाई द्वीपसमूह' की खोज की। इसका नाम उन्होंने 'सेंडविच आइलैंड' रखा। 1886 - इंगलैंड में हॉकी एसोसिएशन का गठन इंग?लैंड में हुआ। 1896 - 'एक्सरे मशीन' का पहला प्रदर्शन किया गया। 1919 - 'बेंटले मोटर्स लिमिटेड' की स्थापना हुई। 1930 - रवीन्द्रनाथ टैगोर ने महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम की यात्रा की। 1945 - तत्कालीन सोवियत रूस की सेना पोलैंड के शहर कराकोव में पहुंची तथा जर्मनी को वहां से पीछे हटने पर मजबूर किया। 1951 - नीदरलैंड में झूठ पकड़ने वाली मशीन का पहली बार इस्तेमाल हुआ। 1952 - मिस्र में ब्रिटेन विरोधी दंगे भड़के। 1955 - उर्दू के मशहूर लेखक और कवि सदात हसन मंटो का निधन। 1959 - महात्मा गांधी की सहयोगी मीरा बेन (मैडलिन स्लैड) ने भारत छोड़ी। 1960 - अमेरिका तथा जापान ने संयुक्त रक्षा समझौता किया। 1962 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया। 1963 - फ्रांस ने यूरोपीय साझा बाज़ार से ब्रिटेन को अलग करने की वकालत की। 1968 - अमेरिका और तत्कालीन सोवियत रूस परमाणु हथियारों पर नियंत्रण के लिए एक संधि के प्रारूप पर सहमत हुए। 1973 - अमेरिका और उत्तर वियतनाम में शांति समझौते का पाठ तैयार करने के लिए वार्ताकारों की बैठक शीघ्र होने की घोषणा की। 1976 - फ्रांस ने जासूसी के आरोप में 40 सोवियत अधिकारियों को देश से निष्कासित किया। 1986 - दक्षिण यमन की राजधानी अदन में जबरदस्त संघर्ष शुरू होने पर विदेशी नागरिकों ने पलायन शुरू किया।

सुभाष घई के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं फ्लोरा सैनी

फ्लोरा सैनी आगामी फिल्म 36 फार्महाउस में सुभाष घई के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। अपने अनुभव को साझा करते हुए, फ्लोरा ने कहा कि यह एक सपना के सच होने जैसा है। कोई भी मुंबई आता है वह बड़े लोगों और ऐसे लोगों के साथ काम करना चाहता है जिनकी फिल्में देखकर वह बड़ा हुआ है। सुभाष घई सर उन नामों में से एक है। मैं हमेशा चाहती थी कि मैं उनके साथ काम कर सकूं ।

फ्लोरा ने कहा कि घई न केवल अपनी नायिकाओं को खूबसूरत बनाते हैं, बल्कि अपने अभिनेताओं के लिए दृश्य भी बनाते हैं और इससे उन्हें अपने अभिनय कौशल को सुधारने में मदद मिलती है। उनका यह तरीका हमारे काम को बहुत आसान बनाता है।

हाल के दिनों में फ्लोरा जिन कुछ परियोजनाओं का हिस्सा रही हैं, उनमें फरहान अख्तर की इनसाइड एज 2, नागेश कुकुनूर की राजनीतिक ड्रामा वेब सीरीज सिटी ऑफ ड्रीम्स, उत्सव की फिल्म माया (जहां फ्लोरा ने एक मिस्ट्री वुमन की भूमिका निभाई है) शामिल हैं। चरित्र) और मातृभूमि नामक एक लघु फिल्म में भी उन्होंने काम किया है।

फ्लोरा ने कहा कि यह उद्योग में काम करने का सबसे अच्छा समय है क्योंकि विभिन्न फिल्म निर्माता विभिन्न विषयों पर फिल्में बना रहे हैं और हमारी भारतीय फिल्में विश्व सिनेमा के साथ प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मेरे पास ऐसे लोग हैं जो विभिन्न प्रकार की भूमिकाओं के लिए मुझ पर भरोसा करते हैं, जो मेरे व्यक्तित्व से बहुत अलग हैं।

36 फार्महाउस की स्टार कास्ट में संजय मिश्रा, विजय राज, अमोल पाराशर, बरखा सिघ, फ्लोरा सैनी, अश्विनी कालसेकर, लीजा सिंह, के.के. गौतम और प्रदीप वाजपेयी। राम रमेश शर्मा द्वारा निर्देशित, यह 21 जनवरी को जी5 पर रिलीज के लिए तैयार है।

बंगाराजू में नागार्जुन के साथ काम करना शानदार अनुभव था: मीनाक्षी

मीनाक्षी दीक्षित ने फिल्म बंगाराजू में दो तेलुगू सितारों अक्किनेनी नागार्जुन और राम्या कृष्णन के साथ काम करने का अपना बेहद खास अनुभव साझा किया है। तेलुगू अलौकिक नाटक में अपने किरदार के बारे में अधिक जानकारी साझा करते हुए मीनाक्षी ने कहा, मैं फिल्म में शूट किए गए स्वर्ग अनुक्रम का एक हिस्सा हूं, जहां मैं एक खगोलीय पिंड की भूमिका निभा रही हूं। यह मेरा पहला अनुभव था और उस रूप को प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण था। डिजाइनर और पोशाक विभाग ने इस पर कड़ी मेहनत की। मुझे यकीन है कि लोग इसकी सराहना करेंगे।

उन्होंने आगे कहा, सुपरस्टार नागार्जुन सर के साथ काम करना एक शानदार अनुभव था, क्योंकि वह पूरी तरह से पेशेवर हैं। उनका व्यक्तित्व जादुई है और वह अपने सह-अभिनेताओं के प्रति अपना स्नेह दिखाते हैं।

मेरे पास शॉट्स के बीच सेट पर इन लंबी बातचीत की कुछ बेहतरीन यादें हैं। रम्या मैम जब अपने शॉट्स देती हैं, तो उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। कल्याण कृष्ण कुरासला द्वारा निर्देशित फिल्म बंगाराजू 14 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

मीनाक्षी दीक्षित एक भारतीय फिल्म अभिनेत्री हैं जिन्होंने तेलुगु, तमिल, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में काम किया है। 2008 में मीनाक्षी दीक्षित एनडीटीवी इमेजिन के डांस रियलिटी शो नचले वे विद सरोज खान में एक प्रतियोगी के रूप में दिखाई दीं थीं, जिसके बाद उन्हें भारतीय फिल्म उद्योग में प्रवेश करने का मौका मिला। वह पहली बार एक तेलुगु फिल्म, लाइफस्टाइल में दिखाई दीं। बाद में, उन्होंने मॉडलिंग में कदम रखा और स्थानीय और अंतर्राष्टीय ब्रांडों जैसे कि जोलुकस ज्वेलरी, माइक्रोसॉफ्ट विंडोज, फेयर एंड हैंडसम क्रीम, चेन्नई सिल्क्स, शंकरम डायमंड ज्वेलरी, ब्रुक बॉन्ड ताज़ा चाय, पनेरी साड़ी, ली कूपर, रेड स्क्वायर एनर्जी ड्रिंक, रेडियो मिर्ची, एस्सार, एनिटाइम फिटनेस जिम एंड एक्वागार्ड के साथ काम किया। वह फैशन इंडस्ट्री के साथ-साथ प्रमुख भारतीय पत्रिकाओं में भी एक नियमित मॉडल रह चुकी है।

रणवीर ने अपनी फिल्म की तुलना कभी खुशी कभी गम से की

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह बॉलीवुड के एक जाने माने अभिनेता हैं, जो मूवीज में अपनी दमदार अभिनय से लोगों का खूब दिल जीतते आए हैं। हाल ही में रणवीर ने अपनी आने वाली मूवील्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की तुलना 'कभी खुशी कभी गम' से कर दी है। रणबीर सिंह ने कहा है कि मूवी रॉकी और रानी की प्रेम कहानी एकदम करण जौहर स्टाइल की मूवी होने वाली है। जैसे कि कभी खुशी कभी गम। जिसमे सब कुछ देखने को मिलने वाला है। करण जौहर स्टाइल के गाने, ग्लैमर, बेहतरीन दिखने वाले कैरेक्टर्स, फैमिली, ड्रामा और ह्यूमर होने वाला है। मूवी पर अभी तक काफी अमेजिंग काम हुआ है और फिल्म 60 फीसद तक पूरी हो गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार करण जौहर के निर्देशन में बन रही मूवी रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में रणवीर सिंह,आलिया भट्ट, शबाना आजमी, जया बच्चन और धर्मेन्द्र दिखाई देने वाले है। इस मूवी के माध्यम से करण जौहर लंबे समय के उपरांत निर्देशन में कमबैक कर रहे हैं।

न्यूज गैलरी

सबसे सस्ते दिन अब आएंगे इंडिया के हर घर में

मुम्बई। भारत का सबसे बड़ा ओम्नीचैनल रिटेलर बिग बाजार 2022 की शुरुआत साल के सबसे बड़े बचत उत्सव ङ्क सबसे सस्ते दिन के साथ कर रहा है, जो 19 से 26 जनवरी तक चलेगा। इस जबरदस्त सेल में हर भारतीय घर को खाद्य, घरेलू सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन परिधान, फुटवेयर, खिलौनों और कई अन्य श्रेणियों में सबसे कम दाम पर सामान मिलेगा ताकि अधिक से अधिक बचत हो सके। इस साल ग्राहकों को सभी ऑफर केवल स्टोर में ही नहीं मिलेंगे बल्कि वे बिग बाजार की एप तथा शॉप.बिगबाजार.कॉम वेबसाइट के जरिये सामान अपने घर पर भी मंगा सकते हैं और मात्र 2 घंटे में उनके घर पर सामान की मुफ्त डिलिवरी कर दी जाएगी।

सबसे कम दाम के साथ ही ग्राहकों को 2500 रुपये की खरीदारी पर 2500 रुपये के ही फैशन वाउचर्स भी मिलेंगे। एसबीआई क्रेडिट कार्ड वाले ग्राहक स्टोर में कम से कम 3500 रुपये की खरीदारी पर 7.5 प्रतिशत अतिरिक्त छूट भी पा सकते हैं।

सिंधु की नजरें खिताब का सूखा खत्म करने पर

लखनऊ। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के लिया नए साल की शुरुआत अच्छी नहीं हुई है। उन्हें सीजन के पहले टूर्नामेंट इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में हारकर बाहर होना पड़ा। हालांकि वह इस अप्रत्याशित हार से उबरकर मंगलवार से शुरू हो रहे सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट के जरिए खिताब का सूखा खत्म करने की कोशिश करेंगी। सिंधु 2019 विश्व चैंपियनशिप के बाद से खिताब नहीं जी सकी हैं। वह पिछले सप्ताह इंडिया ओपन में यह कमी पूरी कर सकती थीं लेकिन सेमीफाइनल में सुपनिदा केतेथोंग ने उन्हें तीन गेम में हरा दिया। पिछले साल स्विस ओपन और विश्व टूर फाइनल्स में उपविजेता रही सिंधु का सामना सैयद मोदी इंटरनेशनल के पहले मैच में हमवतन तानिया हेमंत से होगा। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल का सामना पहले दौर में टेरेसा स्वाबिकोवा से होगा। पुरुष वर्ग में शीर्ष दस में शामिल रहे एचएस प्रणॉय इंडिया ओपन क्वार्टर फाइनल में सेन से हार गए थे।

उद्योग बजट : उद्योगों पर कोरोना का असर, अब केंद्रीय बजट पर बंधी उद्योगपतियों की आस

नई दिल्ली। विशेषकर तीसरी लहर की शुरुआत को देखते हुए इस साल के केंद्रीय बजट से आर्थिक रिकवरी के लिए मंच तैयार किए जाने की उम्मीद है।पिछले दो सालों के दौरान दुनिया युगांतकारी बदलाव के दौर से गुजरी है और इसकी वजह कोविड-19 रही, जिसने हमारे जीवन में एक ऐसी घटना की शुरुआत की जो पहले कभी नहीं देखी गई थी। उतार-चढ़ाव के बावजूद कंज्यूमर ड्यूरेबल्स उद्योग एक ऐसा उद्योग है जो मजबूती से वापसी करने में सफल रहा है और लगातार स्थिरता से आगे बढ़ रहा है।

जैसा कि सबको पता है कि पिछले एक साल से ज्यारदा समय से शुरू हुई कच्चे माल की कीमतों में असामान्य वृद्धि ने राजस्व पूर्वानुमानों को प्रभावित किया है और यह कंपनियों के लिए अभी भी एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। इसके अलावा, आपूर्ति-श्रृंखला लॉजिस्टिक्स के मुद्दे भी व्यवसायों के लिए बोझ बढ़ा रहे हैं।

ऊषा इंटरनेशनल के चीफ एक्जीक्यूकटिव ऑफीसर दिनेश छाबड़ा कहते हैं कि बढ़ी हुई कीमतों का एक हिस्सो उपभोक्ताओं पर डाले बिना, ब्रांड्स के लिए अपने गुणवत्तापूर्ण कारोबार को आगे बढ़ाना अव्यावहरिक हो जाता है। कीमतों में यह वृद्धि उपभोक्ता खर्च को प्रभावित कर रही है और हमारी अर्थव्यवस्था की रिकवरी और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। समय की मांग है कि सरकार हस्तक्षेप करे और इस साल के केंद्रीय बजट में कुछ नीतियां लागू करे, जो कच्चे माल, ईंधन की लागत को तार्किक बनाने और आपूर्ति-श्रृंखला को सुचारू बनाने में मदद करेगी।

इसके अलावा, जैसे-जैसे डिजिटलीकरण को अपनाने और बदलाव में तेजी आती है, भौगोलिक क्षेत्रों में ग्रामीण-शहरी विभाजन का अंतर भरने के लिए इंटरनेट के बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी में सुधार के लिए आवंटन में वृद्धि की आवश्यकता है।

हमें उम्मीद है कि आगामी केंद्रीय बजट का उद्देश्य आर्थिक सुधारों में तेजी लाना, उद्यमिता को बढ़ावा देना और प्रोत्साहन पैकेज प्रदान करना होगा, जो सभी क्षेत्रों में उपभोक्ता की मांग को पूरा करने में मदद करेगा।

अल्ट्राटेक सीमेंट का तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 7.9 प्रतिशत बढ़कर 1,710.14 करोड़

नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड का दिसंबर 2021 में समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 7.92 प्रतिशत बढ़कर 1,710.14 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

कंपनी ने सोमवार को अपने वित्तीय परिणाम जारी करते हुए कहा कि इस तिमाही में सीमेंट की कमजोर मांग से उसकी बिक्री प्रभावित हुई। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 1,584.58 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

बीएसई को भेजी सूचना में

कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी परिचालन आय 5.89 प्रतिशत बढ़कर 12,984.93 करोड़ रुपये पर पहुंच गई जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 12,262 करोड़ रुपये थी। तिमाही के दौरान कंपनी का कुल खर्च 12.09 प्रतिशत बढ़कर 11,422.05 करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 10,190.03 करोड़ रुपये रहा था।

आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी ने बयान में कहा, ''अक्टूबर में बिक्री ने रफ्तार पकड़ी थी, लेकिन उसके बाद दक्षिण और उत्तर भारत के कुछ राज्यों में मानसून देरी तक बने रहने और एनसीआर में निर्माण गतिविधियों पर रोक लगने से नवंबर 2021 में बिक्री उल्लेखनीय रूप से घट गई।'' तीसरी तिमाही के दौरान कंपनी की एकीकृत बिक्री सालाना आधार पर तीन प्रतिशत घटकर 2.31 करोड़ टन रह गई।

सेंसेक्स ने लगाई 120 अंकों की छलांग निफ्टी पहुंचा 18,300 के करीब बंद

मुंबई। एशियाई बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बीच आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी और इंफोसिस में बढ़त के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स सोमवार को शुरुआती कारोबार में 120 अंक से अधिक चढ़ गया। इस दौरान 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक 122.58 अंक या 0.20 प्रतिशत बढ़कर 61,345.61 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी 37.65 अंक या 0.21 फीसदी की तेजी के साथ 18,293.40 पर पहुंच गया।

सेंसेक्स में सबसे अधिक 1.62 प्रतिशत की तेजी मारुति में हुई। इसके अलावा एसबीआई, एमएंडएम, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी, इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में

शामिल थे। दूसरी ओर एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, टाइटन और विप्रो में गिरावट देखी गई। पिछले सत्र में सेंसेक्स 12.27 अंक या 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 61,223.03 पर, जबकि एनएसई निफ्टी 2.05 अंक या 0.01 फीसदी टूटकर 18,255.75 पर बंद हुआ था। अन्य एशियाई बाजारों में शंघाई और तोक्यो में बढ़त थी, जबकि हांगकांग और सोल लाल रंग में थे। इस बीच अंतराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.08 प्रतिशत बढ़कर 86.13 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

पेट्रोल व डीजल के दामों में आज भी बदलाव नहीं

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों के 75 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने के बावजूद घरेलू स्तर पर सोमवार को लगातार 74 वें दिन भी पेट्रोल और डीजल की दरों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः पांच और 10 रुपये घटाने की घोषणा के बाद 04 नवंबर 2021 को ईंधन की कीमतों में तेजी से कमी आई थी। इसके बाद राज्य सरकार के मूल्य वर्धित कर (वैट) कम करने के फैसले के बाद दिल्ली में भी वैट को कम करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद राजधानी में 02 दिसंबर 2021 को पेट्रोल लगभग आठ रुपये सस्ता हुआ था। डीजल की भी कीमतें हालांकि जस की तस बनी रहीं। अंतराष्ट्रीय स्तर पर सिंगापुर में आज सुबह लंदन ब्रेंट क्रूड 0.08 प्रतिशत की तेजी के साथ 86.13 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.31 प्रतिशत 84.08 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

पेनी टोकन ने 7 दिन में निवेशकों को बना दिया करोड़पति

नई दिल्ली। कप्टोकरेंसी का मार्केट जोखिमों से भरा है। क्रिप्टोकरेंसी के मामले में कुछ कहा नहीं जा सकता है, शायद ही कोई इसका भविष्यवाणी कर सकता है। कहो तो हाथ लगाते ही मिट्टी सोना बन जाए नहीं तो हाथ में आया सोना भी मिट्टी हो जाए। इन दिनों क्रिप्टो मार्केट में रिकवरी देखी जा रही है, इस बीच एक अन्य गुमनाम क्रिप्टो टोकन ने अपने निवेशकों को छप्पड़फाड़ रिटर्न देकर चौंका दिया है।

इस गुमनाम क्रिप्टो टोकन का नाम है- एकता । फिलहाल इस टोकन के बारे में ज्यादा कुछ स्पष्ट नहीं है लेकिन पिछले सात दिनों में इस टोकन ने जो मल्टीबैगर रिटर्न दिया है उससे

यह चर्चा में जरूर है। कप्टोकरेंसी के मुताबिक, एकता ने पिछले सात दिनों में अपने निवेशकों को करीब 2,893,266,376 फीसदी का भारी रिटर्न दिया है। इसका मतलब है कि इस टोकन ने 1,000 रुपये के निवेश को 2,989.32 करोड़ रुपये में बदल दिया है।

समाप्त हुई तिमाही व नौ महीनों के लिए वित्तीय परिणाम

मुंबई। मुंबई में आयोजित हुई एक मीटिंग में एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त हुई तिमाही एवं नौ महीनों के लिए बैंक के (भारतीय जीएएपी) परिणाम अनुमोदित किए। ये खाते बैंक के कानूनी ऑडिटर्स द्वारा 'लिमिटेड रिव्यू' (सीमित समीक्षा) के अधीन हैं। लाभ एवं हानि खाता : 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त हुई तिमाही के लिए 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त हुई तिमाही के लिए बैंक का कुल राजस्व (कुल ब्याज आय प्लस अन्य आय) 31 दिसंबर, 2020 को समाप्त हुई तिमाही के लिए ?23,760.8 करोड़ के मुकाबले 12.1 प्रतिशत ज्यादा यानि 26,627.0 करोड़ रहा। 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त हुई तिमाही के लिए कुल ब्याज आय (अर्जित ब्याज में से खर्च किया गया ब्याज निकालकर) 13.0 प्रतिशत बढ़कर 18443.5 करोड़ रु. हो गई।

जो 31 दिसंबर, 2020 को समाप्त हुई तिमाही के लिए 16,317.6 करोड़ रु. थी। एडवांसेस ने

उलटफेर

विश्व चैम्पियन इंडीज की टीम सितारों से भरी हुई थी, बावजूद आयरिश टीम ने जीता सीरीज

आयरलैंड ने वेस्टइंडीज में सीरीज जीतकर रचा इतिहास

जमैका। आयरलैंड ने तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मैच दो विकेट से अपने नाम किया। इसके साथ ही आयरलैंड ने यह सीरीज भी 2-1 के अंतर से जीत ली है। यह पहला मौका है, जब आयरलैंड ने किसी टेस्ट खेलने वाली टीम के खिलाफ उसके घरेलू मैदान में वनडे सीरीज जीती है। इससे पहले आयरलैंड ने अपने से छोटी टीमों को हराया था। यह जीत कई मायनों में आयरलैंड के लिए खास है। इस जीत के साथ ही आयरलैंड की टीम वर्ल्डकप सुपर लीग की अंतालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। आयरलैंड ने भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों को पीछे छोड़ दिया है।

वर्ल्डकप सुपर लीग की अंतालिका में इंग्लैंड की टीम पहले पायदान पर है। इंग्लैंड ने 15 में नौ मैच जीते हैं और उसके पास 95 अंक हैं। वहीं दूसरे स्थान पर काबिज बंग्लादेश ने 12 में आठ मैच जीते हैं और उसके पास 80 अंक हैं। आयरलैंड की टीम 18 में छह मैच जीतकर 68 अंक हासिल कर चुकी है और वह तीसरे स्थान पर है। वहीं भारत के पास 49 और ऑस्ट्रेलिया के पास 60 अंक हैं।

वर्ल्डकप सुपर लीग में भारत सातवें स्थान पर

वर्ल्डकप सुपर लीग में भारतीय टीम सातवें स्थान पर है। भारत ने नौ वनडे मैच खेले हैं पांच में जीत हासिल की है। वहीं चार में उसे हार का सामना करना पड़ा है। इस बीच एक मैच में भारत ने धीमे ओवर रेट से गेंदबाजी की थी और उस पर एक अंक का जुर्माना भी लगा था। इसी वजह से टीम इंडिया के पास 49 अंक हैं। इस अंकतालिका में इंग्लैंड, बांग्लादेश, आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और वेस्टइंडीज की टीम भारत से आगे है।

अंकतालिका में मौजूद टीमों में सबसे कम मैच ऑस्ट्रेलिया ने हारे हैं। कंगारू टीम नौ में से सिर्फ तीन मैच हारी है। वहीं भारत और बांग्लादेश चार-चार मैच हार चुके हैं। न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान की टीम कोई मैच नहीं हारी है, लेकिन इन दोनों ने सिर्फतीन-तीन मैच ही खेले हैं। वहीं चार मैच खेलने वाली नीदरलैंड की टीम सिर्फएक मैच हारी है। आने वाले समय में भारत को इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसी टीमों से कड़ी चुनौती मिलेगी।

वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में आयरलैंड ने आखिरी मुकाबला दो विकेट के करीबी अंतर से जीता। पहला मैच हारने के बाद आयरलैंड की टीम ने दूसरे मैच में शानदार वापसी की और डकवर्थ लुईस नियम के तहत जीत हासिल की। वहीं तीसरा मुकाबला काफी रोमांचक रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने सभी 10 विकेट खोकर 2012 रन बनाए।

कप्तानी छोड़ने के बाद कोहली की पहली तस्वीर

पार्ल। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 19 जनवरी से तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। सीरीज के पहले दो मैच पार्ल में खेले जाएंगे, जबकि आखिरी मैच केपटाउन में होगा। इसके लिए टीम इंडिया ने तैयारी शुरू कर दी है। पार्ल के बोलैंड पार्क में टीम इंडिया के खिलाड़ी एकत्रित हुए और प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लिया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसकी तस्वीर भी साझा की है।

यह विराट कोहली के टेस्ट कप्तानी से हटने के बाद की पहली तस्वीर है। विराट इसमें श्रेयस अय्यर और शार्दुल ठाकुर के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। बीसीसीआई ने इसके कैप्शन में लिखा है कि 'वनडे मोड ऑन। वनडे की

तैयारी के लिए टीम इंडिया बोलैंड पार्क पहुंची है।' वनडे सीरीज के लिए केएल राहुल को कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा चोटिल होने की वजह से सीरीज नहीं खेल रहे हैं।

केएल राहुल का यह बतौर कप्तान पहली अंतरराष्ट्रीय सीरीज है। हालांकि, इससे पहले उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जोहानिसबर्ग में दूसरे टेस्ट में कप्तानी की थी, लेकिन इस मैच में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा था।

भाजयुमो ने राज्य सरकार से छेरछेरा के रूप में मांगा बेरोजगारी भत्ता और रोजगार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में छेरछेरा का विशेष महत्व होता है। इस पर्व को दान पुण्य से जोड़कर मनाया जाता है। भाजयुमो ने भी इस पर्व पर युवाओं के लिए सरकार से दान मांगा और प्रदर्शन भी किया। पूरे प्रदेश में सभी जिला मुख्यलयों में इसी प्रकार रोजगार और बेरोजगारी भत्ते की मांग की गई। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने राज्य सरकार से युवाओं को रोजगार देने दान मांगा यानी सोमवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा राज्य सरकार के खिलाफ छेरछेरा के पर्व पर बेरोजगारों को नौकरी देने के लिए छेरछेरा मांगने निकली थी। मोर्चा के पदाधिकारियों ने अपने हाथ में एक झोला रखा था और सरकार से बाकायदा युवाओं के लिए रोजगार मांगते दिखाई दिए। युवा मोर्चा ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में सरकार के खिलाफ छेरछेरा प्रदर्शन किया। राजधानी रायपुर में भी भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शहर के अग्रसेन चौक पर बैठकर सरकार से रोजगार देने के लिए दान मांगा है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने साफ तौर पर प्रदेश में बेरोजगारों की संख्या बढ़ाने का सरकार पर आरोप लगाया है।

पीसीसी अध्यक्ष ने कसा तंज

भाजयुमो के प्रदर्शन पर पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि बीते 15 वर्षों में भारतीय जनता पार्टी ने युवाओं

के सपनों को चकनाचूर कर दिया, अब वे स्वयं ही बेरोजगार हो गए हैं। उन्होंने राज्य सरकार की तारीफकरते हुए कहा कि प्रदेश में बीते 3 सालों में युवाओं को लगातार रोजगार मिल रहा है। यही कारण है कि प्रदेश में बेरोजगारी का स्तर लगातार घटता हुआ दिखाई दे रहा है जिसे केंद्र सरकार ने भी स्वीकार किया है। ऐसे में भाजयुमो का प्रदर्शन महज दिखावा ही है।

घोषणा रही है कांग्रेस : अमित साहू

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि कांग्रेस जब सत्ता में आई थी तो उस समय कहा गया था कि बेरोजगार युवाओं को

बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा, जो उनके घोषणा पत्र में भी शामिल था। लेकिन कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को ही दरकिनार करते हुए 3 साल बीत जाने के बाद भी न तो बेरोजगारों को भत्ता दिया और ना ही प्रदेश में युवाओं को रोजगार मिला। ऐसे में आज छेरछेरा पर्व जो प्रदेश का पारंपरिक पर्व है जिसमें दान मांगा जाता है इसमें हम युवाओं के लिए सरकार से रोजगार का दान मांगने निकले हैं।

विरोध प्रदर्शन कर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

सूरजपुर/नवप्रदेश। रामानुजनगर मंडल अध्यक्ष सुनील साहू के नेतृत्व में शहर मंडल सूरजपुर, विश्रामपुर, देवनगर, ग्रामीण मंडल सूरजपुर, प्रेमनगर सहित प्रेमनगर विधानसभा के अंतर्गत सभी छह मंडलों की टीम अप्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के श्रीनगर-रामानुजनगर सुभाष चौक पर पहुंची और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए स्थानीय तहसीलदार को प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कार्यक्रम में जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता रामानुजनगर मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, सूरजपुर अध्यक्ष किशन देवांगन, देवनगर अध्यक्ष दौलत प्रताप सिंह, सूरजपुर शहर महामंत्री संस्कार अग्रवाल, विकास साहू, संजू सोनी, राकेश महाराज, पंकज सोनी, रमेश साहू, वासुदेव पांडे, जयकृत सोरी, नंद लाल प्रजापति, दुर्गा सिंह, राजेश साहू, सुरेश राजवाड़े, अवधेश राजवाड़े, मानिकचंद पोर्ते, योजित राजवाड़े, नेमचंद यादव सहित काफी संख्या में भाजयुमो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विधायक के घर पहुंचे भाजयुमो कार्यकर्ता

रायगढ़/नवप्रदेश। राजकीय पर्व छेरछेरा के दिन रायगढ़ नगर भाजयुमो की अगुवाई में विधायक प्रकाश नायक के घर जाकर बेरोजगारी भत्ते की मांग की गई। जिसमें मुख्य रूप से भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य पूर्व जिलाध्यक्ष विकास केडिया, मंडल प्रभारी बबलू गुप्ता, तरनजीत भाटिया, नरेश पटेल, भरत तांडी उपस्थित थे।

सीएम भूपेश बघेल से मांगा रोजगार

रामानुजगंज/नवप्रदेश। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अनोज यादव के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा ने लोकपर्व छेरछेरा के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से घोषणापत्र की छायाप्रति के साथ छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार मांगा। युवा मोर्चा ने कोविड 19 को ध्यान में रख कर मास्क व सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीरबल, सरुता, पवन, कश्यप, अजय यादव, अश्विनी गुप्ता, अशर्फी यादव, विक्रम गुप्ता, उपेंद्र यादव, नंदकिशोर गुप्ता, अमावस सिंह, अरविंद यादव, अमित सिंह, पुष्पेंद्र यादव, जगदीश यादव, विनोद यादव, निखिल सोनी, उमेश नागवंशी, आकाश, गोलदार, विशाल सहित अन्य भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

दतिमा मोड़/नवप्रदेश। भाजयुमो भटगांव मंडल के नावापारा में भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविन्द्र भारती के नेतृत्व व भाजयुमो मंडल अध्यक्ष राजू जायसवाल की अगुवाई एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनुप सिन्हा के उपस्थिति में बेरोजगारी भत्ता और रोजगार की मांग मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से छेरछेरा के रूप में कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रतीकात्मक छायाचित्र पर प्रदेश के युवाओं के हित के लिए छेरछेरा मांगा गया। प्रदर्शन के अंत में नायब तहसीलदार भटगांव अंकिता तिवारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित मंडल महामंत्री रमेश गुप्ता, जिला मंत्री संतलाल प्रजापति, सिद्धार्थ तिवारी, मंडल महामंत्री ज्ञान प्रकाश दुबे, अभिषेक गोल्डी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल, राजेंद्र राजवाड़े, साकेत अग्रवाल, सरवन पाटले, अजा मोर्चा अध्यक्ष भूषण बघेल, सुरेश सोनी, सुरजीत कुमार, धन कुमार, खेल साय पैकरा, संजय देवांगन, जयप्रकाश यादव, ओम प्रकाश यादव, आशीष यादव, संजीव पैकरा, संजय पैकरा, राजजन्म राजवाडे, भोला देवांगन, राम कुमार सिंह अमर नाथ पैकरा, चंदन जायसवाल, शिव कुमार, शिवदेव, रंजीत सिंह, राजेन्द्र पाटले, नितिन शर्मा, निरजन विश्वकर्मा व भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सीएम के खिलाफ एफआईआर दर्ज, एनएसयूआई ने फूंका सीएम योगी का पुतला

रामानुजगंज/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा किये गए एफआईआर दर्ज के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएसयूआई अध्यक्ष नीरज पांडे के निर्देश पर एनएसयूआई राष्ट्रीय संयोजक प्रतीक सिंह की उपस्थिति में एनएसयूआई पूर्व प्रदेश सचिव राहुल बर्मन के नेतृत्व में स्थानीय लरंगसाय चौक रामानुजगंज विधानसभा में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्य नाथ का पुतला दहन किया। इस दौरान पूर्व जिला संयोजक कृतिव्रत मंडल, तौकीर रजा, सत्यजीत सिंह, सद्दाम, चंदन राही, फिरोज रहमान, मुबारक अंसारी, बालकेश गुप्ता, बंटी हलदार, गौतम गुप्ता, गोलू कश्यप, रिशु पासवान, पवन यादव सहित एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चमन बनाए गए एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष

कांकेर/नवप्रदेश। चमन साहू को एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। उनकी यह नियुक्ति मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज सिंह मण्डावी, मुख्यमंत्री के संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी, कांकेर विधायक एवं संसदीय सचिव छ.ग. शासन शिशुपाल शोरी, पर्यटल मण्डल सदस्य नरेश ठाकुर, विधायक अंतागढ़ अनूप नाग, भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर, एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुभद्रा सलाम के अनुशंसा पर की गई है। पिछले कुछ महीनों से भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) प्रदेश स्तरीय संगठन में विस्तार की चर्चा चल रही थी जिसके बाद कुछ दिनों पूर्व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन के आदेशानुसार प्रदेश प्रभारी विशाल चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय द्वारा नियुक्ति पत्र जारी कर चमन साहू को एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष की पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी। चमन साहू का नाम एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में प्रमुख रूप से चर्चा में थी किसी कारणवंश एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नीरज पाण्डेय की नियुक्ति की गई थी जिसके बाद से चमन साहू को एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने संगठन में बात चल रही थी जिसके बाद पिछले दिनों चमन साहू को प्रदेश उपाध्यक्ष की जवाबदारी सौंपी गयी।

समाजसेवियों ने बांटे निशुल्क मास्क व सेनेटाइजर

कांकेर/नवप्रदेश। नगर के जनसहयोग समाजसेवी संगठन के अध्यक्ष व सदस्यों ने बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते आमजनो को निःशुल्क मास्क सेनिटाइजर बांटकर कोरोना से बचाव के तरीके बताए गए है। समाजसेवी अजय पप्पू मोटवानी व उनकी टीम के सदस्यों ने सुबह 11 बजे नया बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, टैक्सी स्टैंड, ऑटो स्टैंड आदि तमाम स्थानों में जाकर यात्रियों के मध्य मास्क तथा सैनिटाइजर का निशुल्क वितरण किया। अक्सर देखा जा रहा था कि कांकेर से गुजरने वाली विभिन्न प्रकार की गाड़ियों में कोविड-19 का सामान्य पालन भी नहीं हो रहा है। ऐसी स्थिति में जन सहयोग संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी व उनकी टीम ने सभी यात्री गाड़ियों में जो कांकेर से निकलती हैं। यात्रियों को मास्क तथा सैनिटाइजर निशुल्क वितरण किया जाए। समाजसेवियों ने यात्रियों को समझाया कि जहां तक बने कम से कम यात्राएं करें और जहां बहुत जरूरी है, वहां बिना मास्क के यात्रा न करें। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष जन सहयोग अजय पप्पू मोटवानी, धर्मेंद्र देव, अनुराग उपाध्याय, जितेंद्र प्रतापदेव, करण नेताम, चरण यादव, राजेश चौहान, सदानंद साहू, प्रमोद ठाकुर संजय ठाकुर, दिनेश मोटवानी एवं मोहल्ले तथा शहर के अनेक उत्साही छात्रों एवं नौजवानों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

मकर संक्रांति पर छाया कोरोना का साया मेला व महोत्सव का नहीं हुआ आयोजन

रामानुजगंज/नवप्रदेश। मकर संक्रांति पर्व पर गर्म जल स्रोत स्थान ग्राम तातापानी में लगने वाले मेला एवं महोत्सव में लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ता था। यहां छत्तीसगढ़ के दूरदराज स्थानों के साथ साथ-साथ दूसरे प्रदेशों के भी लोग बड़ी संख्या में आते हैं परंतु कोरोना वायरस के संक्रमण के खतरे के कारण इस बार मेला एवं महोत्सव नहीं हुआ। तातापानी में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर जहां दशकों को से मेला का आयोजन होता रहा है। जिला गठन के बाद तातापानी मेला को तातापानी मेला समिति एवं जिला प्रशासन के सहयोग से मेला को और भव्य स्वरूप एवं तातापानी महोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है जिसकी भव्यता देखते बनती थी। जिला प्रशासन के द्वारा तातापानी मेला एवं महोत्सव को लगातार और बेहतर स्वरूप देने का कार्य किया जाता रहा परंतु कोरोना संक्रमण के खतरे को देखते हुए तातापानी मेला एवं महोत्सव इस बार स्थगित कर दिया गया। 13 जनवरी से मेला एवं महोत्सव प्रारंभ होकर 16 जनवरी तक रखा था परंतु इस बार स्थगित रहा।

मंदिर के नहीं खुले पट

मकर संक्रांति पर्व पर तातापानी तपेश्वर धाम में श्रद्धालुओं का जनसैलाब पूजा-अर्चना के लिए उमड़ पड़ता था परंतु कोरोना संक्रमण के खतरे को देखते हुए मंदिर के पट नहीं खोले गए जिससे श्रद्धालुओं में मायूसी देखी गई।

स्थानीय लोगों का लाखों का माल फंसा

तातापानी मेला में दुकान लगाने के लिए जिले के बड़ी संख्या में छोटे दुकानदार 2 माह पूर्व से तैयारियां प्रारंभ कर देते है वे बड़े शहरों से बेचने के लिए सामान लाते हैं। इस बार भी कई ऐसे दुकानदार जो सामान बेचने के लिए ले लाए थे परंतु सब का माल फंस गया दुकानदारों का लाखों रुपए का माल तातापानी मेला नहीं होने से फंस गया है जिसे सभी मायूस एवं निराश है।

15 दिनों में बदल गया सबकुछ

कलेक्टर कुंदन कुमार तातापानी मेला एवं महोत्सव को लेकर तातापानी मेला समिति के सहयोग से भव्य स्वरूप देने के लिए कार्य कर रहे थे। गर्म जल स्रोत का स्वरूप भी उनके प्रयासों से 15 दिन के अंदर बदल गया था परंतु इस बीच कोरोना संक्रमण के कारण मेला एवं महोत्सव स्थगित करना पड़ा। जिस प्रकार से आयोजन को लेकर युवा कलेक्टर ने आगाज किया था इससे संभावना जताई जा रही थी कि इस बार मेला एवं महोत्सव का स्वरूप बहुत भव्य होगा।

बस्तर पुलिस ने लौटाई परिवारों की खोई हुई मुस्कान

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर पुलिस द्वारा एक ओर जहां आपराधिक तत्वों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। वही दूसरी ओर संवेदनशील पुलिसिंग अन्तर्गत अदम-दस्तयाब (गुम हुए) नाबालिक बालक/बालिकाओं के दस्तयाबी हेतु रूचि लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा के मार्गदर्शन मे ऑपरेशन मुस्कान नामक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें जिले के गुम नाबालिक बालक/बालिकाओं के दस्तयाबी एवं बरामदगी हेतु जिले के थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि नाबालिक बालक, बालिकाओं के गुमशुदगी के मामलों को प्राथमिकता मे रखकर सकुशल बरामदगी सुनिश्चित किया जाये। जिस तारतम्य में बस्तर अन्तर्गत तीन अदम-दस्तयाब नाबालिक बालिकाओं को दस्तयाब किया गया है। जिसमें दो बालिकाए थाना बोधघाट एवं एक बालिका थाना परपा अंतर्गत दस्तयाब कर उनके परिजनों को सुपूर्द किया गया है एवं आने वाले समय में भी अभियान अंतर्गत अधिक से अधिक नाबालिक बालक/बालिकाओं को दस्तयाबी का लक्ष्य रखा गया है।

आमाबेड़ा में खुला सहकारी बैंक, 90 गांवों के लोग होंगे लाभान्वित

कांकेर/नवप्रदेश। प्रदेश के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने शनिवार को अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम आमाबेड़ा में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के शाखा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक अनूप नाग द्वारा की गई। आमाबेड़ा में सहकारी बैंक खुलने से क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई है, यह कांकेर जिले का 13वां एवं बस्तर संभाग के 46वां जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा होगा। इस बैंक से आमाबेड़ा अंचल के 90 गांव जिसमें 21 वन ग्राम भी हैं, के किसान एवं ग्रामीण लाभान्वित होंगे। यहां के लोगों को अब 30 किलोमीटर दूर केशकाल, कांकेर अथवा अंतागढ़ जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा आमाबेड़ा के शुभारंभ

अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के हित में काम करने वाली सरकार है। क्षेत्र के सभी ग्रामीणों को सहकारी बैंक में खाता खुलवाने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि इससे उन्हें बैंकिंग सुविधाएं प्राप्त होंगी, साथ ही खाद-बीज की सुविधा भी मिलेगी। श्री लखमा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजनांतर्गत किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है, धान के बदले अन्य लाभकारी फसल लेने वाले किसानों को इनपुट सब्सिडी दी जायेगी। सरकार द्वारा कोदो, कुटकी, रागी का भी समर्थन मूल्य घोषित किया गया है और खरीदने की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर लखमा ने हायर सेकेण्डरी स्कूल आमाबेड़ा के भवन का बाउंड्रीवॉल बनवाने की घोषणा भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्थानीय विधायक अनूप नाग ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार अंतागढ, आमाबेड़ा क्षेत्र के समस्याओं के निराकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अंचल की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी हो चुकी है। क्षेत्रवासियों की मांग के अनुरूप आमाबेड़ा में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का आज शुभारंभ हो रहा है, जिससे इस अंचल के 90 गांव के किसान लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में एक करोड़ 26 लाख रूपये की लागत से देवगुड़ी व घोटुल का निर्माण किया जा रहा है, सड़क निर्माण कार्य को भी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जायेगा। श्री नाग ने क्षेत्र के सभी ग्रामीणों को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा आमाबेड़ा में अपना-अपना खाता खुलवाने की अपील भी किया। कार्यत्रक्र को जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, जनपद पंचायत अंतागढ़ के अध्यक्ष बद्रीनाथ गावड़े सहित जिला पंचायत सदस्य श्यामा पट्टावी, जनपद उपाध्यक्ष भवनलाल जैन, किशोर मरकाम, अखिलेश चंदेल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीएन बघेल, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक जगदलपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरए खान, अंतागढ़ एसडीएम उत्तम पंचारी, जिपं सदस्य दिलीप बघेल, विश्राम सिंह गावड़े, ग्राम पंचायत के सरपंच रामसिंह हिड़को, लैम्पस अध्यक्ष आमाबेड़ा मोहन कश्यप, आमाबेड़ा के ग्राम पटेल रामसेवक मांझी, भंजन यादव, शामसिंह सर्फे, विक्रम भंडारी, श्रीपत सिंह ठाकुर, जगदेव नेगी, विशाल नेगी, लिंगो धाम के अध्यक्ष सुकूराम कोरेटी, गणेश कुंजाम, पीलाराम यादव, कलदेव नेगी, राजमन सलाम, राजकुमार टांडिया, शशि कुमार राणा, भवन लाल नाग, अनिल कोमरा सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

एफआईआर पर सियासत : सीएम ...

तरह से प्रचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोग ने यदि मुझ पर कार्रवाई की है तो भाजपा के कई नेता और मंत्री भी डोर टू डोर इसी तरह प्रचार कर रहे हैं तो उन पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। ऐसे में चुनाव आयोग पर सवालिया निशान लगना तो तय है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को अपनी भूमिका निष्पक्ष रखनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि शुरुआत में आयोग की निष्पक्षता दिखाई नहीं दे रही है तो आगे कैसे विश्वास किया जा सकता है।

क्या बोला चुनाव

था। आयोग ने इस संबंध में राज्य सरकार और मुख्य चुनाव अधिकारी, पंजाब से भी इनपुट लिया है। इन आवेदनों, राज्य सरकार और मुख्य चुनाव अधिकारी के इनपुट पर विचार करने के बाद, अब आयोग ने पंजाब की विधान सभा के आम चुनावों को निम्नलिखित तरीके से पुनर्निर्धारित करने का निर्णय लिया है।÷

वोटों की गिनती 10 मार्च 2022 (गुरुवार) को होगी।

इससे पहले कांग्रेस, भाजपा, बसपा ने चुनाव आयोग से मतदान टालने का आग्रह किया था जिस पर आयोग ने सोमवार को फैसला लिया। अब पंजाब विधानसभा के चुनाव 20 फरवरी को एक ही चरण में होंगे। चुनाव आयोग ने सोमवार को अहम मीटिंग में ये फैसला लिया। सभी पार्टियों ने चुनाव आयोग को अलग-अलग पत्र लिखा था। बहुजन समाज पार्टी ने भी यह मांग उठाई है।

सिद्धू ने हाईकमान को ...

मैं सिद्धू या फिर कांग्रेस से नहीं लड़ रहा हूं, लेकिन मैं जनता की लड़ाई लड़ रहा हूं।

सीएम के भाई ने कहा कि मैंने चन्नी को समझाने का प्रयास किया था कि जो कुछ हुआ है, वह सही नहीं रहा। मैं अब भी हाईकमान का सम्मान करता हूं। कांग्रेस की ओर से वन फैमिली, वन टिकट का फॉर्मूला लागू किए जाने को लेकर भी डॉ. मनोहर ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले भी ऐसे कई मौके आए हैं, जब कांग्रेस में एक ही परिवार के दो सदस्यों को टिकट दिए गए हैं। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुझे नजरअंदाज किया। इससे पहले रविवार को सोशल मीडिया पर मनोहर चन्नी ने ऐलान किया था कि उन्हें चुनाव लड़ने के लिए किसी भी सिंबल की जरूरत नहीं है। उनका कहना था कि यदि लोग उन्हें निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर ही देखना चाहते हैं तो वह मैदान में उतरेंगे।

पीएम मोदी की सुरक्षा...

मोदी और सिखों में से किसी एक को चुनना होगा। इससे पहले इस केस से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के कई वकीलों को धमकी भरे कॉल आए थे। वकीलों से भी प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा की चूक के मामले से दूर रहने को कहा गया था। बता दें कि 12 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पंजाब यात्रा के दौरान सुरक्षा में हुई चूक की जांच के लिए कमेटी का ऐलान किया था। यह पांच सदस्यीय कमेटी पूर्व न्यायाधीश इंदु मल्होत्रा की अध्यक्षता में गठित की गई है।

सुल्ली डील्स मामला: ऐप के निर्माता...

बड़े वर्ग पर पड़े प्रभाव को कम करके नहीं आंका जा सकता। अदालत ने कहा कि आरोपी ने जानबूझकर 'टोर ब्राउजर' का इस्तेमाल किया था ताकि उसकी पहचान का खुलासा न हो सके। अदालत ने कहा, जांच अभी शुरुआती चरण में है, जहां महत्वपूर्ण सबूत और आगे की घटनाओं का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। इस समय आरोपी को जमानत देने से निष्पक्ष जांच प्रभावित होगी।'

'बुल्ली बाई' ऐप मामले में मुख्य आरोपी नीरज बिश्नोई से पूछताछ के दौरान सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की आईएफएसओ इकाई ने ठाकुर को पिछले हफ्ते इंदौर से गिरफ्तार किया था। दिल्ली पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि बिश्नोई और ठाकुर इंटरनेट पर जुड़े हुए थे।

कोरोना वैक्सीन किसी...

संबंधित व्यक्ति की सहमति प्राप्त किए बिना जबरन टीकाकरण की बात नहीं कहते।

'सभी नागरिकों को टीकाकरण करवाना चाहिए'

मंत्रालय ने कहा, मौजूदा महामारी की स्थिति को देखते हुए कोविड-19 के लिए टीकाकरण व्यापक जनहित में है। विभिन्न प्रिंट और सोशल मीडिया मंचों के जरिए यह विधिवत सलाह, विज्ञापित और संवाद किया जाता है कि सभी नागरिकों को टीकाकरण करवाना चाहिए और इसकी सुविधा के लिए व्यवस्था और प्रक्रिया तैयार की गई है। हालांकि, किसी व्यक्ति को उसकी इच्छा के विरुद्ध टीकाकरण के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

'योजना बनाने के लिए राज्यों का मार्गदर्शन किया': डोर-टू-डोर' (घर-घर जाकर) टीकाकरण के मुद्दे पर हलफनामे में कहा गया है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सावधानीपूर्वक, आवश्यकता-आधारित योजना बनाने के लिए मार्गदर्शन किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

अन्नारम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बीजापुर/नवप्रदेश। संचालक आयुष छग रायपुर एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी बीजापुर के मार्गदर्शन में रविवार को एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य व जागरुकता शिविर का आयोजन हुआ। इस शिविर में रोगी रोधक क्षमता बढ़ाते हेतु आयुष काढा का वितरण किया गया। शिविर में कोरोना संबंधित जानकारी एवं टीका लगवाने के बारे में जागरूक किया गया। शिविर प्रभारी डॉ. लक्ष्मीनारायण पटेल एवं गांव के सरपंच तथा वार्ड पंच द्वारा भगवान धनवंतरि का पूजा अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविरर में 15 मरीजों का स्वास्थ परीक्षण कर निःशुल्क आयुर्वेद औषध प्रदान किया गया। इस शिविर में शिविर प्रभारी डॉ. एलएन फेल, आयुष क्वाडिनेटर रोहित खोबरागडे, मनोज वासम का सराहनीय योगदान रहा।

मास्क लगाने व नियमों का पालन करने दी समझाइश

सूरजपुर/नवप्रदेश। कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए जिला प्रशासन शासन के निर्देशानुसार कोरोना की गाइडलाइन का पालन कराने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थलों, दुकानों, हाट बाजार पर प्रशासन, पुलिस अमला, स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नागरिकों को निरंतर कोरोना के गाइडलाइन का पालन करने हेतु आग्रह कर रही है। जिससे कोरोना के संक्रमण को नियंत्रित किया जा सके। इसी कड़ी में प्रतापपुर क्षेत्र के हाट बाजार में नगर पंचायत प्रतापपुर के अधिकारी कर्मचारी हाट बाजार पहुंचकर मास्क लगाने, फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करने के साथ कोरोना के गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करने समझाइश दी गई तथा मास्क नहीं पहनने वालों पर कार्रवाई भी की गई है।

छेरछेरा पर्व बड़े धूम धाम से मनाया गया

मुंगेली/नवप्रदेश। छेरछेरा पर्व बड़े धूम धाम के साथ मनाया गया। नन्हे बच्चे घरों में जाकर अन्न दान मांगते रहें। छत्तीसगढ़ में छेरछेरा पुन्नी का बड़ा महत्व है। इस पर्व में बच्चे बड़े उत्साह के साथ अपने आस पड़ोस के घरों में जाकर अनाज मांगते हैं। बच्चों को अन्न दान देना बहुत ही शुभ माना जाता है। इसलिए सभी आज के दिन अपने घर का दरवाजा खुला रखते हैं और बच्चों को देने के लिए अनाज रखते हैं।

टेंट व्यवसायी संघ ने आदिवासियों को बांटा कंबल

मुंगेली/नवप्रदेश। मौसम के प्रभाव से गिरते तापमान से बढ़ती ठंड को देखते हुए टेंट व्यवसायी संघ जिला मुंगेली ने आदिवासियों को कंबल विवरण करने का मन बनाया और सुदूर ग्रामीण इलाके में जाकर वहां के आदिवासियों को 100 कंबल वितरण किया। जिसमें टेंट व्यवसाई संघ मुंगेली के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, नकुल साहू, संजय दुबे, मोहन सोनकर, मनोज पटेल व पटेल, हरि सोनकर, संजय सोनकर, शुदर्शन कुंभकार, जल्ला साहू, विजय यादव, जितेन्द्र शामिल हुए।

सांसद ने पंचायत भवन किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत खेढा में नवनिर्मित पंचायत भवन के निरीक्षण को लेकर बिलासपुर लोकसभा सांसद अरुण साव एवं क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू ग्राम खेढा पहुंचे जहां ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। कोविड 19 की तीसरी लहर संक्रमित से लोगों को बचनें तथा सावधानी बरतने, वैक्सीनेशन व बूस्टर डोज लगवाने सांसद एवं जिला पंचायत सदस्य ने अपील की। इस दौरान ग्रामीणों को मास्क, सेनेटाइजर एवं मोदी के फोटो युक्त थैला वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष शंकर सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष दानी राम साहू, जिला मंत्री पिवर्ग राज साहू, सरपंच भूपेंद्र पाण्डेय सहित पंच गण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

समाजसेवियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

कांकेर/नवप्रदेश। नगर के जनसहयोग समाजसेवी संगठन अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी व उनकी स्वच्छता अभियान टीम के सदस्यों ने कलेक्ट्रेट न्यायालय, पालिका सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाने के रास्तों पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की। इस दौरान बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के निकट से कचरा उठाने का अभियान शुरू किया गया तथा पुलिस एवं न्याय परिसर तक यह कार्यक्रम लगातार चलता रहा। कलेक्टोरेट के मुख्य द्वार तक अच्छी तरह स्वच्छता कर दी गई, जिससे इस इलाके की तस्वीर बदल गई। ध्यातव्य है कि अंबेडकर की प्रतिमा से नगरपालिका कांकेर की दूरी मात्र 5 मिनट की है। फिर भी नगर पालिका ने इधर स्वच्छता अभियान पर कोई ध्यान नहीं दिया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अतिरिक्त धर्मेंद्र देव, प्रमोद ठाकुर, चरण यादव, शैलेंद्र देहारी, दिनेश मोटवानी अजय पटेल, ओंकार देव, करण नेताम, संजय ठाकुर, सदानंद साहू, घनश्याम मोटवानी, अनुराग उपाध्याय, जितेंद्र प्रताप देव तथा अन्य युवा उपस्थित थे।

200 से अधिक ग्रामीणों ने किया कांग्रेस प्रवेश

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर सांसद दीपक बैज ने आज विकासखंड दरभा में ग्राम पंचायत कटेनार के टेमरूभाटा में नवीन सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। तत्पश्चात छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रीति नीति व बस्तर सांसद दीपक बैज के कार्यशैली से प्रभावित होकर वहां के 200 ग्रामीणों ने कांग्रेस का दामन थामा। जिन्हें सांसद ने विधिवत कांग्रेस का गमछा पहनाकर पार्टी में प्रवेश कराया। इस दौरान बस्तर सांसद ने कहा कि निश्चित ही आप लोगों के कांग्रेस में प्रवेश से पार्टी और संगठन को मजबूती मिलेगी। हम और आप आने वाले चुनाव में साथ मिलकर पार्टी हित मे काम करेंगे। इस से पूर्व भी ग्राम पंचायत ढोढरेपाल, ग्राम पंचायत के अलावा ग्राम पंचायत छोटेगुडरा के 100 से अधिक ग्रामीणों ने सांसद दीपक बैज के समक्ष कांग्रेस में प्रवेश किया था। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि महादेव नाग, तोकापाल ब्लाक अध्यक्ष सहदेव नाग, जनपद सदस्य केलाउर मुन्ना कश्यप, शिवराम मंडावी, घासी, राजू सोढ़ी, सरपंच कटेनार कमलू, ज्ञानेंद्र चौहान, सोनरू एवं प्रवेश करने वाले ग्रामीण मंगलू कश्यप, सुक्को कश्यप, बोंजा कश्यप, सोमडू कोर्राम, हिरमा कश्यप, सुखराम कश्यप, वसंतु कश्यप, लकमा कोर्राम, मद्दा कश्यप, सूक्को कश्यप, मीतू कश्यप, आयतु कोर्राम, तुलु कश्यप, बुधराम कोर्राम, हिड़मा कोर्राम, भीमा कोर्राम, कोसा मंडावी सहित कई ग्रामीणजनो ने कांग्रेस में विधिवत प्रवेश लिया ।

चोरों ने भगवान को भी नहीं छोड़ा.. ताला तोड़ ले उड़े हजारों का सामान

रायगढ़/नवप्रदेश। बीती रात अज्ञात चोरों ने सरिया थाने के सामने स्थित रामचंडी मंदिर का ताला तोड़कर लगभग दस हजार मूल्य की सामानों को उड़ा दिया। मंदिर के पुजारी ने घटना की रिपोर्ट सरिया थाने में की है। सरिया कंचनपुर मार्ग पर थाना सरिया के सामने स्थित राम चंडी मंदिर में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने मंदिर के भोगशाला कक्ष का ताला तोड़कर कक्ष में रखें पीतल के बर्तन एवं राशन सामग्री चोरी कर ली। रविवार सुबह मंदिर के पुजारी बोधराम प्रधान जब मंदिर पूजा करने पहुंचा तब भोगशाला कक्ष का ताला टूटा हुआ था। उन्होंने तुरंत मंदिर प्रबंधन समिति को इसकी सूचना दी। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बाबूलाल प्रधान, कपिलेश्वर प्रधान व अन्य पदाधिकारी मंदिर पहुंचे और निरीक्षण किया। इस दौरान कक्ष में रखें पीतल के बर्तनों सहित

राशन सामग्री करीब दस हजार के सामानों की चोरी का अनुमान लगाया गया। समिति प्रबंधन के निर्देश पर रामचंडी मंदिर के पुजारी बोधराम प्रधान ने इसकी रिपोर्ट रविवार को सरिया थाने में लिखित आवेदन देकर किया है। विदित हो कि पूर्व में भी रामचंडी मंदिर में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था।सरिया में चोरी की घटना से जहां किसान वर्ग परेशान है। अब मंदिर समिति भी परेशान हो रहे हैं। नगर के वार्ड क्रमांक 15 गुड़िया तालाब के आस पास ट्यूबवेल धारी किसानों के पंप हाउस से केवल वायर की चोरी की घटना से किसान परेशान हैं । दो सप्ताह के भीतर लगातार चोरी होने से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में पार्षद राजेश शराप ने बताया कि गुड़िया तालाब क्षेत्र में 8-10 ट्यूबवेल धारक किसान हैं जो ट्यूबवेल के सहारे कृषि कार्य करते हैं । अज्ञात चोरों के द्वारा यहां के पंप हाउस से केबल वायर चोरी की घटना से किसान त्रस्त हैं। पार्षद राजेश शराप ने बताया कि सभी किसान सरिया थाने में पंप हाउस से केबल वायर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है लेकिन अभी तक चोर पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं । पार्षद राजेश शराप ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि सरिया में चोरी की घटना पर अंकुश लगाते हुए चोरों की धरपकड़ की कार्यवाही की जाए।

जनचौपाल में जिला पंचायत सदस्य ग्रामीणों की समस्याओं से हुई रूबरू

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम उमरिया की महिलाओं ने गांव की समस्याओं को लेकर जनचौपाल रखी। जिसमें जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू भी शामिल हुईं। जिसमें ग्राम पंचायत उमरिया की सरपंच सुमित्रा नन्दू ध्रुव की कार्यशैली को लेकर सवाल उठाया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले बिहान महिला समूह की आरबी के कल्याणी मानिकपुरी एवं अन्य महिलाओं के द्वारा शाल श्रीफल व पुष्प गुच्छ देकर जिला पंचायत सदस्य को सम्मानित किया। इसके बाद जनचौपाल कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें मूलभूत समस्या जैसे निराश्रित पेंशन, आवास किस्त राशि में विलंब, नवीन राशन कार्ड, उज्वला योजना, सोसायटी में राशन गड़बड़ी, शौचालय कार्य में मनमानी, नाली निर्माण, समतली करण, सफाई, मनरेगा के तहत निजी मरम्मत कार्य सहित अन्य समस्या व परेशानियों को रखा। महिला समूह संचालन सहित विभिन्न समस्याओं को मौखिक तथा लिखित रूप में ग्रामीणों ने जन चैपाल के माध्यम से अपने क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य के समक्ष रखी। समूह की महिलाओं ने नशा मुक्ति अभियान-शराब, गांजा एवं अन्य व्यव्सन के लिए जन जागरूकता लाने चर्चा की। जिला पंचायत सदस्य साहू ने जनचैपाल के दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच सुमित्रा ध्रुव से संपर्क करने प्रयास की। लेकिन सरपंच काम से कही गांव चली गई थी। इस दौरान सरपंच पुत्र सहित सोसायटी के विक्रेता अन्य पंचगण उपस्थित रहे। क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य ने ग्रामीण जन चौपाल में व्यथित महिलाओं की समस्या को ध्यान से सुनी। सरपंच पुत्र व विक्रेता को हिदायत दी और कहा कि गांव की समस्याएं को ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम सभा की बैठक में सुलझाएं। तथा मूलभूत समस्यों की बेहतर ढंग से अंतिम छोर के लोगों को लेकर चलने से कितनी भी बड़ी समस्या का समाधान निदान हो जाती है।

छू लो आसमान कोचिंग सेंटर में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर स्थित कोचिंग संस्थान में विभिन्न प्रतियोगिता की तैयारी हेतु उत्कृष्ट शिक्षकों के मार्गदर्शन में कोचिंग कराया जाता है। विगत वर्षों में जेईई मेन्स एवं नीट परीक्षा में छात्रों का बेहतर प्रदर्शन रहा। विगत दो वर्षों में जेईई मेंस में 10 एवं नीट 9 बच्चे उत्तीर्ण हुए। प्राचार्य बसमैया अंगनपल्ली ने बताया वर्तमान में कोचिंग संस्थान में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध है। सभी विषयों के लिए 8 शिक्षक कार्यरत हैं। प्रतिदिन सुबह 9 से 5 बजे तक कक्षाएं संचालित हो रही है। अवकाश के दिनों में भी नियमित कक्षाएं संचालित होती है ताकि कोर्स समय-सीमा में पूर्ण हो सके आवश्यकता अनुरूप अतिरिक्त कक्षाएं भी संचालित की जाती है। तिमाही परीक्षा एवं अर्धवार्षिक भी समय पर आयोजित की गई है। एक माह पूर्व भौतिक शास्त्र के शिक्षक की कमी हुई थी। छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए तत्परता पूर्वक भौतिक शास्त्र के शिक्षक की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। 14 जनवरी से भौतिक शास्त्र के शिक्षक नियमित रूप से सेवा दे रहा है।

मेडिकल कॉलेज से ऑक्सीजन पाइप चोरी करते युवक पकड़ाया

रायगढ़/नवप्रदेश। मेडिकल कॉलेज कैम्पस से दिनदहाड़े ऑक्सीजन कॉपर पाईप चोरी करना एक युवक को उस वक्त महंगा पड़ा। जब सुरक्षा गार्ड ने उसे रंगे हाथों धरदबोचते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। स्थानीय बापू नगर निवासी आनंद बंधन पिता सुभाष डेढ़ साल पहले एमसीएच यानी मातृ शिशु अस्पताल में काम करता था। रविवार सुबह 8 बजे आनंद मेडिकल कॉलेज गया और ऑक्सीजन प्लांट से हॉस्पिटल के वार्ड से ऑक्सीजन सप्लाई के लिए लगाए जाने वाले ऑक्सीजन कॉपर पाईप को प्लास्टिक बोरी के भीतर डालकर भाग रहा था, तभी सुरक्षा गार्ड ने देख लिया। मेडिकल कॉलेज कैम्पस में निर्माणाधीन संत गुरु घासीदास शासकीय अस्पताल के पास प्लास्टिक बोरी को छोड़कर उड़न छू हो रहे युवक को आखिरकार सिक्यूरिटी गार्डस ने पकड़ते हुए बोरी की तलाशी ली तो खुलासा हुआ कि वह 5 मीटर ऑक्सीजन कॉपर पाईप उड़ाकर भाग रहा था। फिर क्या, चोरी करते रंगे हाथों धराए आनंद को सुरक्षा गार्ड ने चक्रधर नगर थाने को सौंप दिया।

दंतेवाड़ावासियों को अब मिलेगी डेनेक्स आरओ वाटर की सुविधा

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। वस्त्र निर्माण के क्षेत्र में बहुत ही कम समय में विश्वसनीय छवि बना चुका डेनेक्स अब आरओ वाटर के क्षेत्र में भी आगे आ रहा है। जिला संयुक्त कार्यालय में सोमवार को जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ आकाश छिकारा के द्वारा डेनेक्स आरओ वाटर रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। आरओ वाटर को जिले के शासकीय भवनों के साथ-साथ सभी घरों तक पहुंच सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। डेनेक्स आरओ वाटर की कीमत 25 रूपये रखी गई है। आगामी दिवसों में डेनेक्स आरओ वाटर को जिले के साथ-साथ अन्य जिले में भी पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा। मानव शरीर के लिए डेनेक्स आरओ वाटर का टीडीएस

110 पीपीएम है जो सेहत के लिए बहुत ही अच्छा है। इसका उपयोग से अंदर की बिमारियों से नियंत्रण पाया जा सकता है। दन्तेवाड़ा विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत टेकनार मॉ दन्तेश्वरी गौ-संवर्धन केन्द्र में आरओ वाटर प्लांट की स्थापना की गई है। जिसका संचालन प्रगति एवं प्रयास संस्था के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य हेतु स्थानीय महिला स्व-सहायता समूह को प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें 10 महिलाएं शामिल है। जिससे महिलाओं को रोजगार मिलने के साथ उनका आर्थिक सुदृढ़ीकरण भी होगा। ज्ञात होगा की जिले में डेनेक्स ब्रांड के नाम से कपड़े, खाद्य पदार्थ की बिक्री की जा रही है। वहीं अब डेनेक्स आरओ वाटर का भी पहचान मिल रही है। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष नरेन्द्र कर्मा, उपसंचालक पशुधन चिकित्सा विभाग डॉ. अजमेर सिंह कुश्वाह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

नहाड़ी ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में भी जहां वर्षों से सुविधाओं से लोग वंचित रहे। वहां शिविर के माध्यम से गांव तक शासन की योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी के दिशा-निर्देशन में कुआकोंडा विकासखंड के ग्राम पंचायत नहाड़ी में पशुधन विकास विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी ग्रामीणों के उत्साह देखते हुए प्रशासन ने भी उनका सहयोग किया। उपस्थित ग्रामीणजनों को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें विभिन्न तरह की सुविधाओं के बारे में अवगत कराते हुए लाभ लेने को कहा गया साथ ही व्यक्ति मूलक योजना के 25 प्रकरण तैयार किये गए एवं ग्राम स्थल पर ही पशु उपचार, टीकाकरण, औषधि वितरण एवं बधियाकरण कार्य किया गया। इस शिविर में ग्रामवासियों को पशुओं में होने वाली बीमारियों एवं उनके रख-रखाव के संबंध में जानकारी दी गई। आने वाले दिनों में विभिन्न शिविर का आयोजन कर शासन की हर सुविधा का लाभ देने का प्रयास किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा अंदरूनी ग्रामों जहां भौगोलिक परिस्थिति के कारण उन तक पहुंच पाना बहुत ही मुश्किल रहा अब शासन द्वारा मूलभूत सुविधाएं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार देकर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है।

कबाड़ियों के यहां पुलिस की छापेमारी से मचा हड़कंप, 3 गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा कबाड़ियों के यहां छापेमारी की जिससे कबाड़ी कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। के कबाड़ी व्यवसायी अनिल निषाद के ठिकाने पर रेड व जांच पड़ताल में ग्राम रोहरा के मुर्दावली के मुख्य गेट मिलने पर कब्जे पर लेकर कबाड़ी व्यवसायी अनिल निषाद व उनके 03 साथी बसंत निषाद, दीपेश कुमार व दुर्गेश नवरंग चारो पर अपराध पंजीबद्ध कर जेल दाखिल किया गया। मुंगेली के सरहदी जिले बिलासपुर में लगातार कबाड़ी कारोबारियों के ठिकानों पर पुलिस द्वारा छापामारी कार्यवाही के दौरान चोरी के सामान खरीदने पर कबाड़ी कारोबारियों को पूछताछ के उपरांत जेल भेजा गया है। एसपी डीआर आंचला के निर्देशन में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी संजीव ठाकुर एवं फास्टरपुर थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह के संयुक्त नेतृत्व में

नगर सहित आसपास के कबाड़ी कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की गई। कबाड़ी कारोबारी को उपस्थित करा कर उनके ठिकानों में रखें सामानों की जांच की गई। इस दौरान रजिस्टर को चेक किया गया एवं चोरी के सामान खरीदने से मना करके आवश्यक हिदायतें दी गई। इसी बीच एण्डूज वार्ड मुंगेली स्थित अनिल निषाद नामक कबाड़ी व्यवसायि के ठिकानों पर भी रेड की कार्रवाई किया गया जिसके कब्जे से ग्राम रोहरा स्थित मुर्दावली के मुख्य गेट को कब्जे में लिया गया।

बैंकों में जमावड़ा, नगर में संक्रमण का खतरा बना

मुंगेली/नवप्रदेश। कोरोना की तीसरी लहर जिस प्रकार अपने पैर पसार रही है। इसको ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है लेकिन नगर में स्थित सभी बैंकों में किसी प्रकार का कोरोना को लेकर कोई जागरूकता नहीं दिखाई जा रही है जिससे नगर में संक्रमण का खतरा बना हुआ है।

बैंकों में लोगों का खतरा जमावड़ा रहता है। नगर सहित आसपास से के क्षेत्रों में संक्रमण का खतरा बना हुआ है। ज्ञात हो कि जिला से प्रशासन द्वारा कोरोना संक्रमण के नियंत्रण को लेकर शैक्षणिक संस्थाएं बंद करा दी गई है और कोरोना वायरस से बचने अभियान चलाया जा रहा है लेकिन बैंको में कोरोना के नाम पर किसी प्रकार का कोई पहल नहीं की जा रही है। सैकड़ों की संख्या में नगर सहित आसपास के क्षेत्रवासी बैंकों से लेनदेन करते हैं, लगातार भीड़ रहती है। बावजूद नगर के सभी बैंक प्रबंधन द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है।

नगर में समय-समय पर अधिकारियों सहित स्वास्थ्य व नगर पालिका की टीम नगर में भ्रमण कर लोगों को कोरोने से बचने की अपील की जाती है। बढ़ते संक्रमण को देखते हुए सभी दुकानदारों को मास्क लगाने व ग्राहकों को मास्क लगाकर प्रवेश देने की समझाइश दी गई। नगर के हृदय सिल परशुराम चौक में एकाध-एकाध दिन लोगों से मास्क लगवाने का अभियान चलाया जा रहा है और बिना मास्क वालों पर चालानी कार्यवाही कर मास्क लगाने की समझाइश दी जा रही है। किन्तु नागरिकों में जागरूकता की कमी देखने को मिल रही है और प्रशासन भी ज्यादा कड़ाई करने से कतरा रही है।

रेलवे, बस स्टैंड, बॉर्डर, सार्वजनिक स्थलों पर कोविड टेस्ट करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

सूरजपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्टर कैंप में कोरोना के नियत्रंण एवं रोकथाम के लिए नियुक्त किये गये नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कोरोना के संक्रमण को देखते हुए सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों को हमेशा सतर्क रहते हुए जिले के सभी बनाए गए कोविड केयर सेंटर, स्वास्थ्य केंद्रों में समुचित व्यवस्था पर सतत निगरानी रख सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कोरोना से बचने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बॉर्डर, सार्वजनिक स्थलों पर आने-जाने वालों का कोविड टेस्ट राजस्व अमला, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस आमला से समन्वय कर कोविड टेस्ट निरंतर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कोविड केयर सेंटर में डोफिंग एवं डॉनिंग एरिया भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने होम आइसोलेशन, टेस्टिंग, वाहन व्यवस्था, कोविड केयर

सेंटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, कंसंट्रेटर, कंटेंटमेंट जोन पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों के लिए मेडिकल किट की व्यवस्था तत्काल उपलब्ध कराने निर्देश दिए तथा संबंधित नोडल अधिकारियों को कोविड-19 मरीज से फोन के माध्यम से वार्ता करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कंटेनमेंट जोन बनाए गए है से अवगत होकर कंटेंटमेंट के नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कोविड केयर सेंटर में ऑक्सीजन सिलेंडर की उपलब्धता निरंतर बनी रहे एवं खाली होने पर तत्काल रिफि लिंग कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कोई मरीज को लाने ले जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की जानकारी ली तथा ड्राइवरों की नियुक्ति कर सभी कोविड केयर सेंटर में भेजना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कोविड केयर सेंटर में चाय बिस्किट, पोहा आदि डॉक्टरों एवं मरीजों के लिए सुविधा हो व्यवस्था सुनिश्चित करने कहां है तथा डिस्पोजल सामग्री के लिए जाली बनाने के निर्देश दिए जिससे एक निश्चित जगह में डिस्पोज हो सके। उन्होंने बिजली व्यवस्था की जानकारी ली तथा जनरेटर की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं जिससे आपातकालीन समय में प्रयोग किया जा सके।

ऑक्सीजन सिलेंडर तत्काल रिफिलिंग करें

कलेक्टर ने जिले में बनाए गए कोविड केयर सेंटर में मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसे ध्यान में रखते हुए सभी संबंधित नोडल अधिकारियों को ऑक्सीजन सिलेंडर, कंसंट्रेटर, मेडिसिन किट, मल्टीपैरामीटर, तथा अन्य आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा आवश्यकता ओं को बताने कहा। उन्होंने कोविड केयर सेंटर में ऑक्सीजन सिलेंडर की समस्या ना हो इसके लिए खाली हुए सिलेंडर को तत्काल रिफिलिंग कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अतिरिक्त जंबो सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मरीज के परिजनों को सुविधा उपलब्ध कराने सीसीटीवी कैमरा भी लगाने के लिए कहा है।

राज्य में उद्यानिकी फसलों की खेती के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करें: मंत्री चौबे

छत्तीसगढ़ राज्य शाकम्भरी बोर्ड कार्यालय उद्घाटित

रायपुर/नवप्रदेश। कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे ने सोमवार को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर लभांडी (जोरा) में छत्तीसगढ़ राज्य शाकम्भरी बोर्ड के कार्यालय का फीता काट कर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष राम कुमार पटेल, सदस्य सर्वश्री दुखवाराम पटेल, अनुराग पटेल, हरि पटेल, पवन पटेल, उद्यानिकी संचालक माथेश्वरन वी, बोर्ड के सचिव नारायण सिंह लावत्रे सहित उपस्थित लोगों को मां शाकम्भरी जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और मरार-पटेल समाज के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

छेरछेरा और शाकम्भरी जयंती का छत्तीसगढ़ के जन: मंत्री चौबे ने कहा कि छेरछेरा पर्व और शाकम्भरी जयंती का छत्तीसगढ़ के जन -जीवन में विशेष महत्व है। यह समृद्ध दानशीलता और सामाजिक समरसता का पर्व है। दान देने और ग्रहण करने का यह पर्व छोटे-बड़े के भेदभाव और अहंकार की भावना को समाप्त करता है। उन्होंने कहा कि मां शाकम्भरी का श्रृगांर सब्जी-भाजी से करके पूजा-अर्चना की जाती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छेरछेरा शाकम्भरी जयंती के अवसर पर राज्य में छुट्टी की घोषणा की है। छत्तीसगढ़ में सब्जी-भाजी की खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहन और शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शाकम्भरी बोर्ड का गठन किया गया है। अध्यक्ष रामकुमार पटेल सहित चार सदस्यों की नियुक्ति भी की गई है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य राज्य में साग-सब्जी, फल-फूल और मसाले की खेती को बढ़ावा देना तथा किसानों की माली हालत को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि सब्जी और फल का उत्पादन बढ़ने से सुपोषण बढ़ावा मिलेगा। मंत्री चौबे ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा राज्य में उद्यानिकी फसलों की खेती को बढ़ावा देना है। उन्होंने शाकम्भरी बोर्ड के पदाधिकारियों से अपील की कि वह मुख्यमंत्री की मंशा को पूरा करने के लिए पूरे मनोयोग से जुट जाए। किसानों को उद्यानिकी खेती के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करें और उन्हें विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करें। मंत्री श्री चौबे ने उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित नदी-कछार योजना के माध्यम से किसानों को साग-सब्जी की खेती से जोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्लस्टर में उद्यानिकी फसलों की खेती को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

बिना अनुमति टॉवर लगा रहा था जिओ मोहल्लेवासियों के विरोध पर नपं ने रूकवाया काम

फरसगांव/नवप्रदेश। नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड क्रमांक 01 के वार्डवासियों के द्वारा अपने वार्ड में जिओ टावर लगाने के संबंध में शिकायत की है। वार्डवासियों के बताया की वार्ड 01 नवीन कॉलोनी में जियो का बूस्टर टावर लगाया जा रहा है। टावर लगने से वार्डवासियों को उससे निकलने वाली तरंगों से अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। क्योंकि वार्ड में कई बच्चे बुजुर्ग के साथ बीमार व्यक्ति भी रहते हैं जिसके चलते जिओ टावर लगने के संबंध में समस्त वार्डवासियों द्वारा विरोध किया जा रहा है। 13 जनवरी को लिखित रूप से नगर पंचायत में शिकायत भी की गई है। शिकायत के बाद भी कंपनी के लोगों द्वारा चोरी छिपे रात में सामान लाकर वार्ड के ही एक व्यक्ति के घर पर रखी जा रही है। जिसके बाद तत्काल टावर लगाए जाने के संबंध में नगर पंचायत को अवगत कराया गया जिसके बाद नगर पंचायत व पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर टावर वाले कर्मचारियों से टावर लगाने के संबंध में दस्तावेज मांगे जाने पर दस्तावेज नहीं दिखाए जाने के बाद निर्माण पर रोक लगा दिया। अनुमति के संबंध में जब नगर पंचायत सीएमओ दिनेश डे से बात करने पर उन्होंने बताया की वार्ड क्रमांक 01 के रहवासियों द्वारा लिखित शिकायत की गई है, लेकिन हमारे द्वारा अभी तक कंपनी को कोई अनुमति नहीं दी गई। बावजूद निर्माण कार्य होने की सूचना पर कंपनी का काम रूकवाया गया है।

लक्जरी कार में गांजे की तस्करी, 12 लाख के गांजा समेत एक तस्कर गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। गांजा तस्करों का एक नया पैंतरा सामने आया है। पुलिस को चकमा देने गांजा तस्कर लक्जरी फोर्ड कार में भारत सरकार का बोर्ड लगाकर गांजा तस्करी कर रहा था, लेकिन उसकी चालाकी नहीं चल पाई और पुलिस ने धर दबोचा। 12 लाख के गांजा के साथ तस्कर को सरायपाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गांजा कई बड़ी खेप ओडिशा से महासमुंद होते हुए मनेन्द्रगढ़, कोरिया की ओर जाने वाली है। इसी दौरान महासमुंद जिले में प्रवेश करने वाले समस्त पॉइंट पर बल तैनात कर संदिग्ध वाहन की जांच कर रही थी। तभी सोहेला, बरगढ़ की तरफ से सफेद रंग की फोर्ड कार महासमुंद की ओर आ रही थी, जिसमें भारत सरकार लिखा हुआ था। मुखबिर सूचना अनुसार फोर्ड कार सरायपाली के पास पहुंचा जिसे पटेल चौक भंवरपुर रोड के पास घेराबंदी कर रोका गया जिसे रोककर पूछताछ किए जाने पर टालमटोल व गोलमोल जवाब देने लगा जिसके आधार पर वाहन की तलाशी ली गई।

कार की पीछे डिक्की खोल कर चेक करने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। कुल 60 पैकेटों में 60 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा मिला। वाहन पर अवैध गांजा परिवहन करते पाए जाने पर मौके पर आरोपी को गिरफ्तार कर 60 किलोग्राम गांजा को वाहन सहित जप्त किया गया. आरोपी से गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर ओडिशा से लाना और मनेन्द्रगढ़, कोरिया ले जाना बताया। आरोपी राशिद खान पिता हुमायूं खान उम्र 22 मनेन्द्रगढ़, कोरिया को गिरफ्तार कर लिया गया है।

संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने किया कुनबी समाज के कैलेंडर का विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। नववर्ष 2022 व मकर संक्रांति के अवसर पर विधायक व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने कुनबी समाज, रायपुर के वार्षिक कैलेंडर 2022 का विमोचन किया गया। इस अवसर पर विधायक उपाध्याय ने कोटा रायपुर स्थित द्विमंजिला भव्य भवन के निर्माण कार्य पूर्ण होने पर हर्ष जाहिर करते हुए समूचे कुनबी समाज के उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने कुनबी समाज भवन कोटा रायपुर के अतिरिक्त कार्यों के लिए 5 लाख रुपये विधायक निधि से स्वीकृति भी प्रदान की।

कोरोना काल के सामान्य होते ही कुनबी समाज के नवनिर्मित भवन -प्रथम व द्वितीय तल के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का आतिथ्य विधायक ने स्वीकार किया। विमोचन कार्यक्रम में कुनबी समाज के अध्यक्ष रामेश्वर नागतोड़े, महिला मंडल अध्यक्ष सुमन धोरे व सदस्य लक्ष्मण अवसरे, हंसाराम भागड़कर, नेतराम नाकतोड़े, रूपेश घोरमोरे, दीपक सहारे, वासुदेव फंढे, मनोज तुप्पकर, नवीन नाकतोड़े, नितिन नाकतोड़े, ढेलन भागड़कर, मंगला तुप्पकर, ममता नाकतोड़े, छाया फुड़े व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

ईसाई धर्म के विरोध में नक्सलियों ने एनएच में फेंके पर्चे, लिखा- विनाश करने वालों का विरोध करो

भोपालपटनम/नवप्रदेश। नक्सलियों ने एनएच 63 फारेस्ट नाका से रुद्राराम तक भारी मात्रा में पर्चे फेके है। मद्देड नेशनल एरिया कमेटी ने पर्चो में आदिवासी देवी-देवताओं को पूजा करने की बात कही। वहीं नक्सलियों ने इसाई धर्म का पुरजोर विरोध किया है। नक्सलियों ने फेंके गए पर्चो में उल्लेख किया है कि बस्तर के मूलनिवासी आदिवासी पीढ़ी दर पीढ़ी जन-जंगल जमीन प्रकृति की पूजा करते हुए आए हैं। आदिवासी देवी का विनाश करने वाले का विरोध करो। चर्च पास्टर का काम छोड़कर अपनी संस्कृति और देवी देवताओं के पूजा करने कहा गया है। साथ ही इसाई धर्म नही छोड़ने वालों पर कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी गई है। नेशनल हाइवे में फेंके पर्चो में बाकायदा कई ग्रामीणों के नामों को लिखकर उन्हें इसाई धर्म को छोड़ने की बात कही। मद्देड नेशनल एरिया कमेटी भाकपा माओवादी ने पर्चा जारी किया है।

खेत की जोताई करते ट्रैक्टर का पलटा इंजन, किसान की मौत

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। सारागांव थाना क्षेत्र के लखाली गांव में छेरछरा त्योहार के दिन किसान की मौत हो गई है। खेत में जोताई करते वक्त ट्रैक्टर इंजन पलटने से यह हादसा हुआ है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुटी रही और इस घटना से छेरछरा त्योहार के दिन गांव में मातम पसर गया है। सारागांव थाना क्षेत्र के लखाली गांव का 43 वर्षीय किसान राजेन्द्र चंद्रा, रबी फसल की तैयारी के लिए आज खेत गया हुआ था। फसल लगाने के पहले अपने खेत की जमीन को ट्रैक्टर से समतल कर रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और ट्रैक्टर चला रहा किसान राजेन्द्र चंद्रा इंजन के नीचे दब गया। घटना के बाद आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग दौड़े, मगर तब तक देर हो चुकी थी। इंजन के नीचे दबे किसान राजेन्द्र चंद्रा ने दम तोड़ दिया था। घटना की सूचना गांव में फैलते ही मातम छा गयाद्ध पुलिस को भी सूचना दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना पर मर्ग कायम कर जांच पंचनामा के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

14 सूत्रीय मांगों को लेकर दवा एवं विक्रय प्रतिनिधि कल से हड़ताल पर

जांजगीर-चाम्पा/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव्स यूनियन दवा एवं विक्रय प्रतिनिधी आगामी 19 जनवरी को 14 सूत्रीय मांगों को लेकर कोविड-19 को देखते हुए शासन के नियमानुसार हड़ताल पर रहेंगे।

जांजगीर-चाम्पा मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव्स यूनियन प्रेसिडेन्ट जयपाल राठौर ने बताया कि दवाओं के दाम कम कर इन्हें जीएसटी मुक्त, स्वास्थ्य क्षेत्र का निजीकरण बंद कर स्वास्थ्य क्षेत्र में जीडीपी का प्रतिशत खर्च सुनिश्चित करें, दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने, महिला दवा एवं विक्रय प्रतिनिधियों हेतु 6 माह का मातृत्व अवकाश सुनिश्चित करने, चारो काली श्रम संहिताओं को रद्द कर समस्त पुराने श्रम कानूनों सहित एसपीई एक्ट 1976 को बहाल करें, दवा एवं विक्रय प्रतिनिधियों के लिए 26000 रुपए प्रतिमाह न्यूनतम वेतन घोषित करें, 8 घंटे का काम तय करें, अस्पतालों में दवा प्रतिनिधियों निर्विरोध काम सुनिश्चित करने दे, दवा एवं विक्रय प्रतिनिधियों एवं उनके परिवारों के लिए समुचत चिकित्सा एवं दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराया जाए, दवा एवं विक्रय प्रतिनिधियों एवं के लिए बढ़ती पेट्रोलियम पदार्थो के कीमत के चलते दैनिक भत्तो एवं यात्रा भत्तो में तत्काल प्रभाव से बढ़ोतरी की जाए। एलेक्ट्रानिक रिपोर्टिंग सिस्टम के माध्यम से निगरानी पर रोक लगा इससे जुड़ी दंडात्मक कार्यवाही पर रोक लगाने, दवाओं के अवैध एवं अनैतिक कारोबार पर रोक लगाने, दवा एवं विक्रय प्रतिनिधियों के लिए बने सभी श्रम कानूनों का पालन सुनिश्चत करें, दवा एवं विक्रय प्रतिनिधियों के लिए वैधानिक कार्य नियमावली बनाने की मांग शामिल है।

वार्षिक मरम्मत कार्य के लिए रेलवे फाटक रहेगा बंद

जांजगीर-चांपा। रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत सक्ती-झाराडीह स्टेशनों के मध्य किमी 634/26-28 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या 321 (सोंठी फाटक) को 20 जनवरी रात 10 बजे से 21 जनवरी सुबह 10 बजे तक तथा 22 जनवरी रात 10 बजे से 23 जनवरी सुबह 10 बजे तक वार्षिक मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। उक्त समपार पर मरम्मत कार्य के दौरान यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पास में ही स्थित टेमर फाटक से उपलब्ध है। रेल प्रशासन आम जनता को होने वाली असुविधा के लिए खेद प्रकट करता है एवं सहयोग की आशा करता है।

लायन परिवार द्वारा एकताल में किया गया कम्बल व वस्त्र वितरण

रायगढ़/नवप्रदेश। लायंस क्लब रायगढ़ मिड टाउन, लायंस क्लब रायगढ़ सिटी, लायंस क्लब प्राइड, लायंस क्लब रायगढ़ कैटालिस्ट के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से ग्राम एकताल में कम्बल, साड़ी, पैंट-शर्ट एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए पूरे गांव के परिवारों से सम्पर्क कर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी के अनुसार परिवार के मुखिया के नाम के नाम की लिस्ट बनाई गई। जिस आधार पर समान एकत्रित कर परिवार से एक सदस्य को बुलाकर उन्हें आवश्यकता के अनुरूप सामग्री वितरित की गई। जिसमें उच्च क्वालिटी के कम्बल, साड़ियां, बच्चों के नए कपड़े एवं विभिन्न खाद्य सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में लिनस क्लब रायगढ़ का भी सहयोग रहा।